INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28



Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com




वर्ष-3 | अंक-358 | मथुरा, शनिवार, 21 फरवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


## टेसू के रंगों से सराबोर हुई रमणरेती

# होली के रसिया और भजनों के संग झूमे संत और श्रद्धालु



महावन स्थित रमणरेती आश्रम में संत प्रवर कार्ष्णि गुरुशरणानंद और भगवान श्रीकृष्ण स्वरूप से फूलों की होली खेलते संत और भक्त।



### रमणरेती आश्रम में छाई फूलों की होली

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन स्थित यमुना तट पर रमणरेती आश्रम में पीठाधीश्वर गुरु शरणानंद महाराज के सानिध्य में संतों और हजारों श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के साथ फूलों और प्राकृतिक टेसू के रंगों से होली खेली। आश्रम परिसर सुबह से ही "जय राधे–कृष्ण" के जयघोष से गूंज रहा था। आश्रम प्रशासन ने टेसू के फूलों से लगभग 10 हजार लीटर प्राकृतिक रंग तैयार किया था। इसके अतिरिक्त, 11 क्विंटल गेंदा और गुलाब के फूलों से फूलों की होली खेली गई। मिलावटी और रासायनिक रंगों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध था। श्रद्धालुओं को केवल आश्रम में तैयार किए गए प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलने की अनुमति दी गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण का



रमणरेती आश्रम में ठाकुर गोपाल जी के सामने होली रसिया गायन पर थिरकते संत।

संदेश भी दिया गया।पूर्वान्ह 11 बजे भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला का मंचन हुआ, जिसमें मयूर नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान लठमार होली की मनोहारी झलक भी प्रस्तुत की गई। गुरु शरणानंद महाराज ने राधा–कृष्ण स्वरूपों को अबीर–गुलाल अर्पित कर उत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद संतों और सेवादारों ने फूलों की वर्षा के बीच होली खेली। मंच पर राधा–कृष्ण स्वरूपों की होली देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महाराज स्वयं भी उत्सव में शामिल हुए और भक्तों के साथ रंगोत्सव का आनंद लिया। श्रीकृष्ण सखियों के साथ होली खेलते नजर आए, जहां राधारानी और सखियां लट्ठ लेकर तथा कृष्ण ढाल के साथ लीला करते दिखाई दिए। वृंदावन से आए कलाकारों ने 'आज बिरज में होली रे रसिया' सहित पारंपरिक रसिया भजनों की प्रस्तुति दी।

## होली पर ब्रजवासियों को रेलवे का बड़ा तोहफा

# मुंबई और काठगोदाम के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**यूनिक समय, मथुरा।** होली पर घर आने वाले लोगों और ब्रज की होली देखने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की भारी भीड़ और वेटिंग लिस्ट की समस्या को देखते हुए रेलवे ने मथुरा होकर मुंबई सेंट्रल से काठगोदाम के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल द्वारा दी गई इस सौगात से दिल्ली–मुंबई रूट के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा के अनुसार गाड़ी संख्या 09075/09076 मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन कुल 5 फेरों के लिए किया जाएगा।

मुंबई से रवानगीः 09075 मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल 25 फरवरी से 25 मार्च 2026 तक हर बुधवार को प्रस्थान करेगी। काठगोदाम से रवानगीः 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल स्पेशल 26 फरवरी से 26 मार्च 2026 तक हर गुरुवार को संचालित होगी।

यह ट्रेन मुंबई से चलकर अगले दिन सुबह 07:00 बजे मथुरा जंक्शन पहुँचेगी जो यात्रियों के लिए बहुत सुविधाजनक समय है। वहीं वापसी में



### मथुरा में होगा ठहराव

काठगोदाम से चलकर यह अगले दिन दोपहर 01:15 बजे मथुरा जंक्शन पर रुकते हुए मुंबई की ओर रवाना होगी। इससे ब्रज क्षेत्र के व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। यात्रियों के आराम का ध्यान रखते हुए इस ट्रेन में आधुनिक सुविधाओं से लैस कुल 18 कोच लगाए गए हैं जिसमें एसी श्रेणीः 01 सेकंड एसी और 05 थर्ड एसी कोच। स्लीपर व जनरलः 08 शयनयान (स्लीपर) और 02 साधारण द्वितीय श्रेणी कोच। 02 जीएसएलआरडी कोच भी शामिल हैं। यह विशेष ट्रेन अपने सफर के दौरान बोरीवली, सूरत, बड़ोदरा, रतलाम, कोटा, भरतपुर, मथुरा जंक्शन, हाथरस सिटी, कासगंज, बरेली, इज्जतनगर, लालकुआं और हल्द्वानी जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

# माता मंदिर से चांदी की मूर्ति चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**संवाददाता**

**यूनिक समय,आगरा।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम घाघपुरा स्थित शेरावाली माता मंदिर से चोरों ने चांदी की मूर्ति चोरी कर ली। यह वारदात शनिवार तड़के अंजाम दी गई। मंदिर में स्थापित माता रानी की लगभग 5 किलोग्राम वजनी चांदी की मूर्ति चोरी होने की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।

मंदिर का निर्माण गांव निवासी रामदीन सिसोदिया ने कराया था। बताया जा रहा है कि सिसोदिया परिवार वर्तमान में गोवा में निवास कर रहे है। चोरी की घटना का पता शनिवार सुबह उस समय हुआ, जब ग्रामीण नियमित पूजा–अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर के गर्भगृह में पहुंचते ही उन्होंने देखा कि माता रानी की चांदी की मूर्ति अपने स्थान से गायब है। इसके बाद यह खबर तेजी से पूरे गांव में फैल गई।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि चोर मंदिर की दीवार फांदकर अंदर घुसे और वारदात

### पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगाले

को अंजाम दिया। ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर में प्रतिदिन विधिवत पूजा होती थी और हर शाम आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जाते थे।

मंदिर के पुजारी हिम्मत सिंह ने बताया कि शेरावाली माता की चांदी की मूर्ति चोरी होने से गांव के लोगों की धार्मिक भावनाएं गहरी रूप से आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह मंदिर गांव की आस्था का केंद्र है और यहां रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और माता रानी की चांदी की मूर्ति को सुरक्षित बरामद किया जाए। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के खुलासे के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि चोरों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


**सचेत** — गेम की जिद ने बढ़ाई परिजनों की धड़कनें

# पुलिस खोजती रही, बच्चा छह घंटे बेड के अंदर छिपा रहा

**विशेष संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा/लखनऊ।** लखनऊ में एक ऐसा वाकया सामने आया, जिसने घरवालों के पसीने छुड़ा दिए और पुलिस को भी खूब दौड़ाया। सातवीं कक्षा का एक छात्र सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार हुआ, लेकिन स्कूल पहुंचा ही नहीं। परिवार ने खोजबीन की। आसपास पूछताछ की और आखिरकार पुलिस को सूचना दे दी। इधर पुलिस जगह–जगह खाक छानती रही, उधर जनाब घर के डबल बेड के बॉक्स में "अंडरकवर मिशन" पर थे!

करीब छह घंटे तक चला यह 'रेस्क्यू ऑपरेशन' तब खत्म हुआ, जब परिजनों ने घर में दोबारा तलाशी ली और बेड के भीतर से 'लापता खिलाड़ी' बरामद हुआ। बाहर पुलिस और परिवार टेंशन में, अंदर साहब शायद गेम की अगली रणनीति



### बोला—अकेले रहना चाहता हूं

### मथुरा के लोगों में भी बढ़ रही चिंता

सोच रहे थे। पूछने पर मासूमियत से जवाब मिला–"अकेले रहना था।" लोगों के मुताबिक छात्र को मोबाइल गेम की लत है। देर रात तक ऑनलाइन दुनिया में सक्रिय रहना और दिन में हकीकत से दूरी बनाना अब उसकी दिनचर्या बन चुका है। परिवार कई बार समझा चुका, डांट भी पड़ी, लेकिन गेम का 'लेवल' शायद घर की समझाइश से ऊं चा निकला।

यह घटना मजाकिया जरूर लगती है, पर संकेत गंभीर है। अभिभावकों के लिए जरूरी है कि वे बच्चों के मोबाइल उपयोग पर नजर रखें, उनसे खुलकर संवाद करें और डिजिटल दुनिया की सीमाएं तय करें। वरना अगली बार 'मिशन हाइड एंड सीक' कहीं और भी खेला जा सकता है! मथुरा के शिक्षाविदों का कहना है कि बच्चों में ऑनलाइन गेम की लत तेजी से बढ़ रही है। देर रात तक मोबाइल इस्तेमाल, चिड़चिड़ापन, पढ़ाई में रुचि कम होना और परिवार से दूरी इसके संकेत हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि संवाद और निगरानी से ही बच्चों को डिजिटल लत से बचाया जा सकता है। यह घटना सिर्फ एक परिवार की नहीं, बल्कि समाज के लिए चेतावनी है।

### अभिभावकों के लिए दिशा—निर्देश

- बच्चों को मोबाइल सीमित समय के लिए दें।
- यह देखें कि वे कौन–सा गेम या ऐप इस्तेमाल कर रहे हैं।
- रोजाना कम से कम 30 मिनट बच्चों से खुलकर बातचीत करें।
- आउटडोर खेल और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें।
- जरूरत पड़ने पर काउंसलर या विशेषज्ञ की सलाह लें।

## तापमान / मौसम

27 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

14 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरट 1,57,000

22 कैरट 1,44,440

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,53,000 प्रति किलो

### मथुरा में यमुना स्वच्छता अभियान

# प्रशासन संग जनता उतरी घाटों पर




गौ घाट पर यमुना किनारे सफाई करते संस्था के स्वयं सेवक एवं विद्यार्थी।

## गौ घाट पर हुआ क्लीन–अप ड्राइव

## प्रशासनिक अधिकारियों व विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

## यमुना संरक्षण को बढ़े सामूहिक कदम

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के उद्देश्य से आज गौ घाट पर यमुना क्लीन–अप ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अभियान में घाट की सफाई कर "लेट्स सेव आवर रिवर" का संदेश दिया गया। इस स्वच्छता अभियान में मथुरा–वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त जग प्रवेश, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल एवं अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह ने सहभागिता करते हुए स्वयं श्रमदान किया। घाट पर उपस्थित विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

यह कार्यक्रम मथुरा–वृंदावन नगर निगम, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद लिविंग पीस प्रोजेक्ट्स फाउंडेशन एवं वैल्यूसेन्ट फाउंडेशन के सहयोग से हुआ। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, नागरिकों एवं संस्थाओं को जोड़कर यमुना के संरक्षण हेतु स्थायी जनआंदोलन को मजबूत करना रहा।

इस अवसर पर पाथवेज़ वर्ल्ड स्कूल, गुड़गांव तथा कन्हा माखन स्कूल, मथुरा–वृंदावन के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। यमुना घाट की सफाई में अपना योगदान दिया।

नगर आयुक्त जग प्रवेश ने कहा कि मथुरा–वृंदावन एक विश्व प्रसिद्ध तीर्थ है, जहां देश–विदेश से प्रतिवर्ष करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। यदि विद्यार्थी इस प्रकार के अभियानों में सहभागी बनते हैं तो स्वच्छता के प्रति जागरूकता कई गुना बढ़ जाती है और यह संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचता है।



गौ घाट पर यमुना क्लीन–अप ड्राइव के मंच पर नगर निगम के नगर आयुक्त जग प्रवेश, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, क्लीनअप ड्राइव में लिविंग पीस प्रोजेक्ट्स फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती ब्रिगिट मैडलीन वैन बेरेन, अध्यक्ष, फाउंडेशन के तकनीकि निदेशक बारोरुचि मिश्रा आदि उपस्थित थे।

ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ सूरज पटेल ने कहा कि घाटों की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे अभियानों से लोगों में अपने तीर्थ स्थलों के प्रति स्वामित्व और संरक्षण की भावना विकसित होती है। क्लीनअप ड्राइव में लिविंग पीस प्रोजेक्ट्स फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती ब्रिगिट मैडलीन वैन बेरेन, अध्यक्ष, फाउंडेशन के तकनीकि निदेशक बारोरुचि मिश्रा, लिविंग पीस प्रोजेक्ट्स फाउंडेशन के सलाहकार डॉ. (सीए) विकास चतुर्वेदी, सलाहकार, नगर निगम के जोनल सेनेटरी ऑफिसर, क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक नगर निगम मथुरा वृंदावन की कार्यदाई संस्था किंग ग्रुप, नेचर ग्रीन नगर निगम के आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## फागुन महोत्सव में बाबा श्याम का भव्य अभिषेक संपन्न

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री खाटू श्याम सेवा दरबार द्वारा आयोजित चार दिवसीय विशाल फागुन महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को बाबा श्याम का श्रद्धा और भक्ति के साथ अभिषेक किया गया। यह धार्मिक आयोजन चरण सेवक विपिन मित्तल के निवास आनंद धाम में संपन्न हुआ, जहां मंडल के सभी सदस्यों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान बाबा के शीश का पंचामृत से विधि–विधानपूर्वक अभिषेक किया गया। वातावरण बाबा श्याम के भजनों से भक्तिमय हो उठा और उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद लिया। आयोजन में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। संस्था के संस्थापक राजीव अग्रवाल, अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कार्यवाहक कोषाध्यक्ष नीलू गोला, संगठन मंत्री लवनीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रियंक मल्होत्रा, प्रचार मंत्री भूपेंद्र, अजय गोला, माधव गोयल, प्रवीण अग्रवाल और विनय अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

संस्था के सचिव आलोक जैन ने बताया कि 22 फरवरी को दोपहर 3 बजे कृष्ण कुंज कॉलोनी, सौख रोड मथुरा में चरण सेवक महेश मित्तल के निवास पर बाबा श्याम का मेहंदी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

# बच्चा चोरी करने वाले को दस वर्ष की सजा

## जंक्शन रेलवे स्टेशन से चोरी किया था सात माह का बच्चा

## बच्चा खरीदने वाले और चिकित्सक सहित आठ को अदालत ने किया बरी

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा,** जंक्शन रेलवे स्टेशन से सात माह का बच्चा चोरी करने वाले को एडीजे–6 नीलम ढाका की अदालत ने 10 वर्ष के कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। कथित तौर पर बच्चा खरीदने वाले दम्पत्ति, चिकित्सक सहित आठ लोगों को अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। शासन की ओर से मुकदमे की पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हेमेंन्द्र भारद्वाज ने की।

ग्राम परखम थाना फरह निवासी राधा पत्नी करन 23 अगस्त 2022 की रात को अपने जीजा, भाई मंगल, भाभी जमुना, मां सविता व 7 माह के बेटे संजय के साथ परखम रेलवे स्टेशन से पेसेंजर ट्रेन में सवार होकर मथुरा जंक्शन पहुंची थी। रात अधिक होने के कारण सभी लोग जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 8/9 आराम करने के लिए रूक गए थे। 25 अगस्त की सुबह करीब 4–5 बजे किसी ने राधा के बेटे संजय को चोरी कर लिया। राधा ने 24 अगस्त को जीआरपी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बच्चे को चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जीआरपी की टीम बच्चा चोरी करने वाले की तलाश में जुट गई। जीआरपी ने 29 अगस्त 2022 को फिरोजाबाद के जैन मंदिर के पास से बच्चा चोरी करने वाले दीप कुमार शर्मा उर्फ दीपक पुत्र मुन्नालाल शर्मा निवासी नवल नगर कालौनी यज्ञ दत्त उपाध्याय के मकान में किराए पर हाथरस गेट हाथरस को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही जीआरपी ने मंजीत सिंह पुत्र मणिक चन्द्र निवासी ग्राम बंका मुरसान हाथरस, डा. प्रेम बिहारी पुत्र रमेशचंद्र उसकी पत्नी दयावती निवासी टीचर्स कालोनी हाथरस, कृष्ण मुरारी अग्रवाल पुत्र ओम प्रकाश अग्रवाल उसकी पत्नी विनीता अग्रवाल निवासी कटरा पठानान फिरोजाबाद, संतोष कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रभूदयाल उसकी पत्नी विमलेश निवासी नगला अलगर्जी हाथरस गेट हाथरस, पूनम पत्नी मंजीत सिंह निवासी मुरसान जिला हाथरस को गिरफ्तार किया था। पुलिस की पूछताछ में दीप कुमार शर्मा ने बताया था कि उसने बच्चा चोरी करने के बाद हाथरस के चिकित्सक दम्पत्ति और आशा कार्यकत्री के माध्यम से फिरोजाबाद निवासी निसंतान दम्पत्ति कृष्ण मुरारी अग्रवाल व विनीता अग्रवाल को बेचा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई एडीजे–6 नीलम ढाका की अदालत में हुई। एडीजीसी हेमेंद्र भारद्वाज ने बताया कि अदालत ने दीप कुमार शर्मा उर्फ दीपक को बच्चा चोरी करने का दोषी करार देते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास और तीन हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने मंजीत सिंह, डा. प्रेम बिहारी, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, संतोष कुमार, पूनम, डा. दयावती, विनीता अग्रवाल व विमलेश को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है।

## श्रीहरिदासबिहारी फाउंडेशन की संरक्षिका वीणा का निधन

**यूनिक समय, वृन्दावन।** श्रीहरिदासबिहारी फाउंडेशन की संरक्षिका ऑस्ट्रेलिया निवासी श्रीमती वीणा भटनागर का सिडनी स्थित हॉस्पिटल में आकस्मिक निधन हो गया। 79 वर्षीय वीणा भटनागर पिछले लम्बे समय से अस्वस्थ थीं तथा अस्पताल में भर्ती थीं, जहाँ बीते रोज उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने अपने पीछे तीन पुत्र अजय, सुमेश और अमित भटनागर सहित नाती पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ा है।

# नगर निगम का आवारा कुत्तों के रेबीज टीका लगाने का अभियान शुरु



कुत्ता के रेबीज इंजेक्शन लगाते नगर निगम के कर्मचारी।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा–वृंदावन नगर निगम की टीम ने आवारा कुत्तों को रेबीज के इंजेक्शन लगाने का अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नगर निगम परिसर में आवारा कुत्तों को एंटी–रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। नगर निगम की टीम ने पहले कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा और फिर पशु चिकित्सकीय मानकों के अनुसार उन्हें रेबीज का टीका लगाया। इस अभियान के दौरान सुरक्षा और मानवीय दृष्टिकोण का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। शहर में आवारा कुत्तों के काटने की कई घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों में समय पर उपचार न मिलने पर रेबीज संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, जो गंभीर परिणाम दे सकता है। इन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने यह पहल की है, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और रेबीज के संक्रमण की संभावनाएं कम की जा सकें। नगर निगम की अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि यह अभियान नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। प्रत्येक कुत्ते को पहली खुराक के बाद नियमानुसार बूस्टर खुराक भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और नगर निगम द्वारा इसकी नियमित निगरानी की जाएगी।

# नीदरलैंड की संस्था गोकुल के कुंड का सौन्दर्यीकरण कराएगी

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने सांसद हेमा मालिनी को पत्र लिखकर मांग की थी

**यूनिक समय, गोकुल (मथुरा)।** भगवान कन्हैया की नगरी गोकुल के पांच हजार वर्ष पुराने पतित पावन कुंड का सौंदर्यीकरण नीदरलैंड की एक संस्था कराएगी। इस कुंड पर यशोदा मैया ने भगवान कन्हैया के फरुआ के कपड़ा धोए थे।

उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद ने एमओयू साइन करने के बाद नीदरलैंड की संस्था लिविंग पीस प्रोजेक्ट फाउंडेशन को कार्य दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित ने सांसद श्रीमती हेमा मालिनी को पत्र लिखकर मांग की थी। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कान्त मिश्र को पत्र लिखा। जिला अधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी कार्यालय की टीम इस कुंड को चिन्हित किया जाएगा, उसके बाद में इस पूरे कुंड का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।



गोकुल में कुंड का निरीक्षण करने आई लिविंग पीस प्रोजेक्ट फाउंडेशन टीम के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित।

नीदरलैंड की संस्था को पांच वर्ष के लिए इस कुंड का अनुबंध किया गया है इस मौके पर लिविंग संस्था से लिविंग पीस प्रोजेक्ट्स फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती ब्रिगिट मैडलीन वैन बेरेन, तकनीकी निदेशक बारोरुचि मिश्रा एवं सलाहकार डॉ. विकास चतुर्वेदी सीए आदि भ्रमण किया।

# पुलिस मुठभेड़ में नीली अपाचे गैंग का सरगना दबोचा

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** गैंग का मुख्य सरगना और हिस्ट्रीशीटर 25 हजार का इनामी रामजीत बीती रात लूट की किसी वारदात के अंजाम देता इससे पहले पुलिस की गोवर्धन ड्रेन के समीप उसकी पुलिस मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली उसके दोनों पैरों में लग गई। पुलिस ने उसे घायलावस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती करा दिया।


अपाचे गैंग के सरगना पच्चीस हजार रूपये के इनामी को घायलावस्था में ले जाती पुलिस टीम।

स्वाट टीम और स्थानीय पुलिस को सूचना मिली की नीली अपाचे गैंग का सरगना हिस्ट्रीशीटर रामजीत निवासी पिपरौंठ फरह–परखम रोड पर पुनः किसी लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। इस जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक फरह छोटेलाल और अन्य पुलिसकर्मी और स्वाट टीम ने मौके पर पहुंच कर उसकी घेरा बंदी की। शुक्रवार की रात करीब 11:30 बजे गोवर्धन ड्रेन के आसपास पुलिस के साथ उसकी मुठभेड़ हो गई। पुलिस पर उसने फायरिंग की । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। फायरिंग में रामजीत के दोनों पैरों में गोली लगी और वहीं गिर पड़ा। पुलिस

### बदमाश के दोनों पैरों में लगी थी पुलिस की गोली

### हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी पर घोषित था 25 हजार का इनाम

ने घायल बदमाश की तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक तमंचा, जिंदा कारतूस और 24 हजार रुपये की नकदी बरामद हुई है। घायल बदमाश ने पूछताछ में बताया कि बरामद रुपये उसने महिलाओं से छीने गए कुंडलों को बेचकर कमाये हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया है।






## शादी की खुशियां मातम में बदली

# दामाद की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव अयेरा में शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब शादी में शामिल होने आए दामाद की शुक्रवार की रात्रि ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बुलंदशहर जिले के गांव सतपुरा डिबाई निवासी सुभाष (27) पुत्र चेतराम साले की शादी में शामिल होने के लिए पत्नी बच्चों के साथ अपनी ससुराल अयेरा आया था।

शनिवार को पुष्पेंद्र की बारात अलीगढ़ जिले के गांव हस्तपुर जानी थी। सायं को डीजे पर नाच–गाना और शादी की रस्में चलती रहीं थीं। देर रात्रि परिजन व रिश्तेदार सोने चले गए। सुबह मृतक की बुआ सास के घर के समीप बने खंडहर रूपी मकान के

### खंडहर रूपी मकान के कमरे में लटका मिला शव

कमरे में सुभाष का शव गार्डर से रस्सी से लटका मिला।

घटना की जानकारी होते ही शादी वाले घर मे कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच–पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# नौहझील पुलिस के अभियान में चार लोग गिरफ्तार

**यूनिक समय, नौहझील।** नौहझील पुलिस ने बीती रात इलाके में सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने चार लोगों को गांजा, तमंचा शराब आदि ले जाते हुए गिरफ्तार किया है।

एसएसपी के आदेश पर सभी थानों मे अपराधियों की धरपकड़ आदि के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना क्षेत्रों में रात को गश्त करने के आदेश हैं। नौहझील थाने की पुलिस ने भी इस क्रम में अभियान चलाया। दरोगा विदित कुमार की टीम ने चेकिंग के दौरान हरेंद्र के कब्जे से 340 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। उप

### गांजा, शराब, तमंचा और करतूस बरामद

निरीक्षक दीप्ति सिंह ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त रोबिन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी तमंचा करातूस बरामद किए। अभियुक्त जावेद अहमद को शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस को उसके कब्जे से 18 पव्वा देशी शराब के बरामद हुए। पुलिस द्वारा रात को चलाए जा रहे चेकिंग अभियान से जहां लोग चेन की नींद सो रहे हैं, वही रात में अपराध करने के लिए निकलने वाले अपराधियों के हौंसले भी पस्त हो रहे हैं।

## जयसिंहपुरा में हिंदू सम्मेलन कल

**यूनिक समय, मथुरा।** जयसिंहपुरा बस्ती का भव्य हिंदू सम्मेलन रविवार(कल) दोपहर तीन बजे तमौली धर्मशाला के पास मैदान में होगा। समिति सचिव राजकुमार धनगर ने बताया कि मुख्य वक्ता महंत कन्हैया दास महाराज, मातृशक्ति वक्ता साध्वी मीरा शास्त्री, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी किशन शर्मा कल्ली पंडित और पार्षद राकेश भाटिया रहेंगे। सभी हिंदू प्रेमियों से सम्मेलन में समय से पहुंचने की अपील की गई है।

## हाइवे पर अब महिलाएं चल सकेंगी सुरक्षित

# कुंडल खींचने वाले गैंग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** हाइवे पर महिलाओं के कान से कुंडल खींचने वाले गैंग को पुलिस ने दस दिन के अंदर गिरफ्तार ही नहीं किया, अपितु उन्हे मुठभेड़ में गोली मार कर घायल कर जेल भेज दिया। गैंग के जेल चले जाने के बाद से लोग अब अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे है।

महिलाओं से बाइकर गैंग द्वारा कुंडल लूटने की ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देकर आगरा और मथुरा सीमा से जुड़े इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। पुलिस की भी लगातार होने वाली वाली इन वारदातों ने नाक में दम कर दिया। घटनाओं का सिलसिला नीली अपाचे बाइक पर सवार बदमाशों ने आठ फरवरी को शुरू किया वारदात के दौरान बदमाशों ने पिपरौठ की महिला बेबी के कान से एक कुंडल खींच और भाग गए। दूसरी वारदात हिंदुस्तान कॉलेज के समीप की। बदमाशों ने स्कूटी से घर लौटते समय सनौरा गांव की मीरा के कान का कुंडल खींच ले गए थे। गैग नै 15 फरवरी को फरह ब्लाक के समीप बेरी की रहने वाली राजेश्वरी के कान से झुमकी लूटने का प्रयास किया। पुलिस ने भागते

### दस दिन में तीन वारदात कर पैदा कर दी थी दहशत

बदमाशों का पीछा किया तो हाथी फॉर्म से होकर भाग रहे बदमाशों की बाइक रेत में फंस गई और एक बदमाश पुलिस से बचने के लिए सरसों के खेत में घुस गया, जबकि दूसरा यमुना पार भाग गया। पुलिस ने सरसों के खेत से गांव पोहपा बुर्ज निवासी रवी को दबोच लिया। इसके बाद इस पूरे गैंग के बारे में पुलिस को जानकारी मिल गई। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्य महेंद्र उर्फ हल्के निवासी सुमपुरा को ईशान कॉलेज के पास से मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। गैंग लीडर और सरगना रामजीत को पुलिस से शुक्रवार रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में रामजीत के दोनों पैरों में पुलिस की गोली लगी और घायल होने पर दबोचा है। जिसके दोनों पैरों में गोली लग गई। पुलिस ने उसे घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। इस तरह पुलिस ने कुंडल लूट गैंग के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र की जनता ने खुशी का इजहार किया है।

# सड़क किनारे खड़े दंपत्ति को रौंदा, पत्नी की मौत

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कोसीकलां बाईपास के समीप वाहन के इंताजर में खड़ी दंपत्ति को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में पत्नी की मौके पर मौत हो गई पति भी घायल हो गया।

गांव गढ़ी पट्टी होडल (हरियाणा) निवासी रमेश अपनी पत्नी रतन देवी के साथ कोसीकलां में किसी रिश्तेदारी में शादी समारोह में आये आए थे। दोनों गांव लौटने के लिए कोसीकलां बाईपास पर सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इतंजार कर रहे थे। आज प्रातः करीब दस बजे सड़क किनारे खड़ी पत्नी और पति को वहां से तेजी

### घटना के बाद वाहन चालक भाग गया

### दुर्घटना में पति हुआ घायल

से गुजरते किसी वाहन ने रौंद दिया। दुर्घटना में पत्नी रतना देवी की मौके पर मौत हो गई। पति भी वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। दुर्घटना को देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। पुलिस ने मृत महिला के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भक्तिभाव से संपन्न हुआ ठाकुर मदन मोहन का पाटोत्सव

**यूनिक समय, वृंदावन।** ज्ञान गुदड़ी स्थित मदन मोहन कुंज में ठाकुर श्री मदन मोहन महाराज का पाटोत्सव मनाया गया। महामंडलेश्वर हेमकांत शरण देवाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में भक्ति की रसधार बही। ब्रह्मऋषि रविन्द्र शरण महाराज को त्रिवेणी कुंज आश्रम का महंत बनाया। संतों ने नवनियुक्त महंत को महंतायी की चादर ओढ़ाकर और तिलक लगाकर महंताई की बधाई दी।




## ग्राम पंचायत अड़ींग में अनदेखी

# मोहल्ले में 10 दिन से पेयजल संकट ग्रामीण महिलाओं में आक्रोश



पानी के लिए आक्रोशित महिलाएं।

### महिलाओं को सुबह–शाम दूरस्थ स्थानों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है

### जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान में गंभीरता नहीं दिखा रहे

**संवाददाता**

**यूनिक समय, गोवर्धन।** विकासखंड गोवर्धन की ग्राम पंचायत अड़ींग के सेहरा पाइसा मोहल्ले में पिछले करीब 10 दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। नलों में पानी नहीं आने से मोहल्ले के सैकड़ों लोग परेशान हैं। ठंड में महिलाओं को सुबह–शाम दूरस्थ स्थानों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मोहल्ले में जलापूर्ति के लिए लगी मोटर खराब पड़ी है। इसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान और सचिव से की गई, लेकिन हर बार मोटर खराब होने का हवाला देकर मामला टाल दिया गया। अब तक मोटर की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। शकुंतला देवी ने कहा करीब 10 दिनों से हमारे घरों में पानी नहीं आ रहा है। हमें सुबह चार बजे उठकर दूर हैंडपंप से पानी लाना पड़ता है। सीमा देवी ने बताया कि प्रधान और सचिव से बार–बार कहा गया, लेकिन सिर्फ मोटर खराब होने की बात कह दी जाती है। इस मौके पर गुड्डी,ओमा, ओमवती, मीना, बत्तो, लक्ष्मी, वीरवती, जशोदा, शारदा और आशा ने भी प्रशासन से तत्काल समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान स्नेहलता रावत ने बताया कि वे अभी पारिवारिक शादी में व्यस्त है। मामला संज्ञान में आया है। सचिव और अन्य कर्मचारियों को बता दिया है।

## पुलिस की पकड़ में आए चार जुआरी

**यूनिक समय सुरीर (मथुरा)।** थाना सुरीर पुलिस ने भी जुआ खेलने की एक सूचना पर दबिश देकर चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

उप निरीक्षक विक्रम पाल सिंह बीती रात इलाके में गश्त और चेकिंग करते हुए गांव तुलागढ़ी पहुंचे। पुलिस को जानकारी हुई कि स्वास्थ्य केंद्र के समीप जुआ हो रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जुआ खेल रहे लोगों को घेर लिया। पुलिस को देख जुआरी भागने लगे। पुलिस ने मौके से जुआ खेल रहे पिक्कू निवासी राजागढ़ी, सोनू, डोरीलाल, रामहेत निवासी तुलागढ़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 1900 रुपये की नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

## आधा दर्जन लोगों ने की महिला से मारपीट

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र के पालखेड़ा गांव में एक महिला के साथ प्लाट पर झाड़ू लगाने के दौरान गांव के आधा दर्जन लोगों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की जिससे महिला बुरी तरह से घायल हो गई।

संध्या पत्नी संतोष ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह प्लॉट पर झाड़ू लगा रही थी, तभी गांव के काजल, करण, पटवारी, रिया, प्रिया और सीमा ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए बिना किसी कारण उसके साथ मारपीट की जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई। महिला के साथ हुई मारपीट का मामले पुलिस के संज्ञान में लाया गया। नौहझील थाना प्रभारी सोनू सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

उठावनी



स्व. श्रीमती आशा अग्रवाल

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती आशा अग्रवाल का गोलोकवास दिनांक 19.02.2026 गुरुवार को हो गया है। उठावनी महिला एवं पुरुषों की दिनांक 22.02.2026 रविवार को सायं 3 से 4 बजे तक स्थानः अग्रसेन भवन, एम ब्लॉक, विकासपुरी नियर केरला पब्लिक स्कूल, दिल्ली–110018 पर होगी।

शोकाकुल

श्यामसुन्दर अग्रवाल (पति)
एवं समस्त गोयल परिवार

मायका पक्ष

स्वीटी सुपारी परिवार, मथुरा

Sweety MOUTH FRESHNER | SHRI SURESH CHAND AGARWAL MEMORIAL TRUST | WINGSTON Mathura / Goverdhan / Barsana | BRAJ WARRIORS

# जल संरक्षण की दिशा में निरंकारी मिशन का सशक्त कदम

### कल सुबह विश्राम घाट से बंगाली घाट तक चलेगा सफाई अभियान

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** मानव सेवा और लोक कल्याण की दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करनेको संत निरंकारी मिशन ने 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ 22 फरवरी को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार भारत में आयोजित किया जा रहा है।

मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि देशभर के 1500 जल स्त्रोत स्थलों पर देशव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसका हिस्सा लगभग दस लाख निरंकारी भक्त बनेंगे। दिल्ली स्थित यमुना नदी के घाटों सहित मथुरा–आगरा तक इस अभियान की थीम 'आओ सवारें, यमुना किनारे' रहेगी। मथुरा में 22 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सैंकड़ों निरंकारी भक्त यमुना के मुख्य स्थल विश्राम घाट से बंगाली घाट के आसपास यमुना किनारे जमी काई, कीचड़, प्लास्टिक कचरा आदि गंदगी को साफ कर स्वच्छ जल स्वच्छ मन का संदेश देंगे। फरह के केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान स्थित मखदूम घाट तथा कोसीकलां के गोमती कुंड बालाजी घाट में भी स्चच्छता अभियान चलाया जाएगा।

मथुरा के जोनल इंचार्ज एच के अरोड़ा ने बताया कि इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है।

# दुष्यंत सारस्वत बने अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ब्रज प्रदेश के महामंत्री



अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ब्रज प्रदेश के महामंत्री दुष्यंत सारस्वत को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा की प्रबल संस्तुति से दुष्यंत सारस्वत जिला अध्यक्ष को अतिरिक्त जिम्मेदारी के रूप में महामंत्री ब्रज प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है।

जिला उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा के आवास पर स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर उनका स्वागत किया।

नवनियुक्त महामंत्री ब्रज प्रदेश दुष्यंत सारस्वतने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए बताया कि किसी भी विप्र बंधु का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विप्र कल्याण बोर्ड की स्थापना के लिए अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मधु भारद्वाज, जिला अध्यक्ष बृजेश वशिष्ठ, प्रवीण शर्मा, योगेश सारस्वत, अनुराधा शर्मा एवं रश्मि शर्मा आदि उपस्थित थे।

# जिला पंचायत की निर्वाचक नामावली की तारीख बढ़ाई

### निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के लिए अग्रेतर कार्यवाही करने के निर्देश

**संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** राज्य निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए समय सारिणी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु अग्रेतर कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। इसके अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) चन्द्र प्रकाश सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का निम्नांकित संशोधित समय सारिणी के अनुसार पुनरीक्षण कराये जाने के निर्देश प्रदान किए है। दावे/आपत्तियों के निस्तारण के बाद हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 07 जनवरी से 16 मार्च तक। दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्द्रों / स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही 21 फरवरी से 16 मार्च तक।

मतदाता सूचियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियॉ कराने आदि 17 मार्च से 13 अप्रैल तक। निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन 15 अप्रैल को होगा।

# पेंशनरों के हितरक्षण बैंक की पहली प्राथमिकता : सविता





क्षेत्रीय व्यावयासिक कार्यालय की बैठक में मानव संसाधन प्रबंधक सविता शिकायतें सुनती हुई।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** क्षेत्रीय व्यावयासिक कार्यालय (आरबीओ) क्षेत्र–2 मथुरा द्वारा मुख्य शाखा में शिकायत/समाधान पखवाड़ा के अन्तर्गत बैठक हुई। बैठक में आरबीओ मथुरा क्षेत्र 3 की मानव संसाधन प्रबंधक सविता ने सभी पेंशनर्स का अभिनंदन किया।

सविता ने बैंक की अपेक्षाओं से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा पेंशनरों के हितरक्षण बैंक की प्राथमिकता है। आश्वस्त किया कि पैंशनर्स की शिकायतों का यथासंभव शीघ्र निपटारा कराने का भरसक प्रयास कराया जायेगा। बैठक में 30 पेंशनर्स ने भाग लिया। दो शिकायती पत्र अधिकारियों को समाधान को सौंपे गए।

शिकायतों एवं उनके समाधान हेतु पेंशन एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के सक्सेना ने विस्तृत चर्चा कर सुझाव दिए। साथ ही बैंक द्वारा पेंशनर्स को प्रदान की जाने वाली बिभिन्न सुविधाओं के बारे भी जानकारी दी। बैठक में धर्मेंद्र कौशल, डॉ. शीतल, प्रेम सिंह, एसके शर्मा, एमएन सक्सेना, नरेश शर्मा समेत अन्य कई पेंशनर्स ने भी शिकायतों के सम्बंध में विचार व्यक्त किए।

# उमा मोटर्स नेक्सा पर लॉन्च हुई पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई–विटारा

### इस मॉडल में मारुति सुजुकी द्वारा कई सुविधाएँ पहली बार उपलब्ध कराई जा रही हैं

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** आगरा–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित उमा मोटर्स नेक्सा शोरूम में आयोजित समारोह के दौरान मारुति सुजुकी की पहली पूर्णतः इलेक्ट्रिक एसयूवी ई–विटारा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी एवं उमा मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पवन चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर वाहन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर बृजबिहार ग्रुप के ब्रह्मानंद चतुर्वेदी, ब्रिज हीरो के निदेशक विजय चतुर्वेदी, उमा मोटर्स के निदेशक पीयूष चतुर्वेदी, गौरव चतुर्वेदी एवं पार्थ चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समारोह में विस्टा आर्किटेक्ट्स के समर्थ चतुर्वेदी सहित शहर के गणमान्य नागरिक, उद्योगपति एवं वाहन प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उमा मोटर्स के निदेशक पीयूष चतुर्वेदी ने बताया कि मारुति सुजुकी ई–विटारा कंपनी की नवीनतम इलेक्ट्रिक एसयूवी है। इसकी एक्स–शोरूम कीमत लगभग 10.99 लाख रुपये से प्रारंभ होकर 19.99 लाख रुपये तक है। यह अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक पावर प्रणाली पर आधारित है, जो शहर एवं राजमार्ग दोनों परिस्थितियों में संतुलित, शक्तिशाली एवं सुगम प्रदर्शन प्रदान करती है।





उमा मोटर्स नेक्सा पर मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई–विटारा का लोकार्पण करते उमा मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पवन चतुर्वेदी आदि।

उन्होंने बताया कि इस मॉडल में मारुति सुजुकी द्वारा कई उन्नत सुविधाएँ पहली बार उपलब्ध कराई जा रही हैं। लॉन्च समारोह में चोला फाइनेंस कंपनी के डिविजनल मैनेजर मोहित एवं केनरा बैंक के डिविजनल मैनेजर मानस , सेल्स मैनेजर सौरभ भाटिया, दीपक चौधरी आदि अतिथियों ने नई इलेक्ट्रिक एसयूवी की सराहना करते हुए बुकिंग के प्रति विशेष उत्साह व्यक्त किया।

# जीएलए का उन्नत सिक्योरिटी सिस्टम शोध आईईईई सेंसर जर्नल में प्रकाशित

शिक्षा संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. विकास कुमार का शोध प्रतिष्ठित आईईईई सेंसर्स जर्नल (क्यू1 एससीआई जर्नल) में प्रकाशित हुआ है। "एक्सपेरिमेंटल इम्प्लीमेंटेशन ऑफ ए क्लाउड-बेस्ड ऑटो-फायरिंग फायरआर्म सिक्योरिटी सिस्टम" शीर्षक से प्रकाशित यह शोध सुरक्षा और सेंसर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यह जर्नल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इंजीनियरिंग व सेंसर रिसर्च के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च प्रतिष्ठा रखता है।

शोध में एक ऑटो-फायरिंग लॉन्ग-रेंज गन सिस्टम का प्रोटोटाइप प्रस्तुत किया गया है, जो लक्ष्य को लॉक कर रिमोट तरीके से संचालित किया जा सकता है।

## क्लाउड-आधारित ऑटो-फायरिंग फायरआर्म सिक्योरिटी सिस्टम से सीमाई सुरक्षा को मिल सकती है नई मजबूती

इसका उद्देश्य यह है कि सैनिकों को सीधे जोखिम वाले क्षेत्र में उपस्थित हुए बिना भी सुरक्षा कार्रवाई संभव हो सके। सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती की स्थिति में यह सिस्टम जवानों के जीवन के जोखिम को कम करने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

प्रस्तावित सिस्टम को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह अत्यधिक ठंड, गर्मी, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र या सक्रिय युद्ध क्षेत्र जैसे वातावरण में प्रभावी रूप से कार्य कर


डॉ. विकास कुमार

सके। यह सिस्टम आतंकवादी गतिविधि या ड्रोन घुसपैठ की स्थिति में लक्ष्य को स्वतः पहचान कर लॉक करने में सक्षम है, जिससे बॉर्डर सिक्योरिटी को तकनीकी मजबूती मिल सकती है। इस उन्नत हार्डवेयर सिस्टम का प्रयोगात्मक इम्प्लीमेंटेशन जीएलए विश्वविद्यालय की रिसर्च लैब में किया गया। क्लाउड-आधारित आर्किटेक्चर के माध्यम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग और कंट्रोल इसकी प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं। डॉ. विकास कुमार ने इस उपलब्धि के लिए जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार देवलिया तथा विश्वविद्यालय के सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अपने एमटेक मार्गदर्शक प्रो. सिद्धार्थ मुखोपाध्याय, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खरगपुर तथा पीएचडी मार्गदर्शक प्रो. संजीव कुमार रघुवंशी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईएसएम) धनबाद का विशेष आभार जताया। यह सिस्टम केवल विद्युत अभियांत्रिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा अनुसंधान संगठनों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

क्लाउड कंप्यूटिंग, सेंसर नेटवर्क और सिक्योरिटी सिस्टम के समन्वय से यह शोध बहुविषयक रिसर्च को नई दिशा देता है। वर्तमान सीमाई परिस्थितियों को देखते हुए यह शोध अत्यंत प्रासंगिक माना जा रहा है। आईईईई सेंसर जर्नल (क्यू1 एससीआई जर्नल) जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशन भारतीय तकनीकी शोध क्षमता को वैश्विक मंच पर सशक्त पहचान दिलाने वाला कदम है।

## जेनरेटिव एआई और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर व्याख्यान

जीएलए विश्वविद्यालय के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एसोसिएट प्रोफेसर, क्सियन जिआओटोंग-लिवरपूल यूनिवर्सिटी (चीन) के प्रो. अखिल गर्ग का अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रो. गर्ग वहीं मैटेरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग में मास्टर्स प्रोग्राम के निदेशक भी हैं।

उन्होंने "जेनरेटिव एआई-ड्रिवन टोपोलॉजी ऑप्टिमाइजेशन फॉर सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन" विषय पर विस्तृत और रोचक प्रस्तुति दी।

प्रो. गर्ग ने अपने शोध अनुभव साझा करते हुए ऐसे इलेक्ट्रिक ड्रोन हेलीकॉप्टर के विकास की जानकारी दी, जो लगभग 80 से 100 किलोमीटर तक यात्रियों को ले जाने में सक्षम हैं। प्रो. गर्ग ने विद्युत विभाग में स्थापित ईवीआरआईसी लैब की सराहना करते हुए इसे इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी सीखने के लिए उत्कृष्ट वातावरण बताया।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. विनय कुमार देओलिया तथा प्रो. संजय कुमार मौर्य उपस्थित थे। व्याख्यान का समन्वय डॉ. विवेक श्रीवास्तव और डॉ. सचिन गोयल ने किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 42 शिकायतें


मांट तहसील में सुनवाई करते एएसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत एवं एसडीएम, मांट श्रीमती रितु सिरोही।


तहसील छाता के संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते हुए उप जिला अधिकारी वैभव गुप्ता एवं तहसीलदार सचिन पवार।

**यूनिक समय, मांट (मथुरा)।** तहसील के सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जनसुनवाई की गई। इस मौके पर 42 लोगों की शिकायतें आईं। इनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शनिवार को प्रातः से ही लोग अपनी शिकायतों को लेकर दूरदराज के ग्रामीण इलाके से आए। जन सुनवाई कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, एसडीएम, मांट रितु सिरोही के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों को शिकायतों को गंभीरता से लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पुलिस और राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के अलावा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को भी पेश किया। 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। पुलिस विभाग से संबंधित 9 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। एसपी ग्रामीण ने तुरंत इन ममलों में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## छाता संपूर्ण समाधान दिवस में आई 26 शिकायतें

छाता तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 26 शिकायतें प्राप्त हुई। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी वैभव गुप्ता ने की। शिकायतों में भूमि विवाद, पुलिस, और विद्युत विभाग से जुड़े मामले शामिल थे। इस दौरान खंड विकास अधिकारी नरेश कुमार समेत संबंधित सभी थाना के उप निरीक्षक समस्त हल्का कानूनगो मौजूद थे।

## सिपाही पर फायर करने वाले को तीन वर्ष की सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** ड्यूटी के दौरान सिपाही पर फायर करने वाले को एडीजे पंचम श्वेता वर्मा की अदालत ने तीन वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। शासन की ओर से मुकदमे की पैरवी करने वाली सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रागनी गांधी ने बताया कि वृंदावन कोतवाली में तैनात सिपाही महेश चंद 20 जुलाई 2014 की रात को वृंदावन की अटल्ला चुंगी पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने जुटे थे। इसी दौरान शिफ्ट कार में सवार होकर आए व्यक्ति ने यातयात व्यवस्था में अड़चन डालने का प्रयास किया। इस पर सिपाही महेश ने उसे रोका, तो कार सवार ने सिपाही पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।

सिपाही ने कार सवार कुलभूषण गुप्ता पुत्र वेदपाल गुप्ता निवासी सुरीर के खिलाफ वृंदावन कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। पुलिस ने कुलभूषण गुप्ता के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई एडीजे पंचम श्वेता वर्मा की अदालत में हुई। अदालत ने कुलभूषण गुप्ता को तीन वर्ष के कारावास और दस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

## ठाकुर केशव देव मंदिर का लट्ठमार हुरंगा 27 को निकलेगा

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव महाराज मंदिर का लट्ठमार हुरंगा एवं शोभायात्रा 27 फरवरी को होगा। यह निर्णय मंदिर प्रांगण आयोजित बैठक में लिया गया। ठाकुर जी की शोभा यात्रा दोपहर एक बजे विश्राम घाट स्थित गताश्रम नारायण मंदिर से दोपहर 1:00 बजे प्रारंभ होगी। इसमें कई झांकियां, बैंड बाजे, घुड़सवार, ढोल तासे, झाकीय भजन गायक कलाकार, हुरियारे की टोली भक्तों के गुलाल लगाते हुए शोभायात्रा में साथ निकलेंगे। शोभायात्रा की व्यवस्था के लिए एकादशी मंदिर सेवायत जगदीश गोस्वामी, गौरव स्वामी, भगवत स्वरूप गोस्वामी एवं जगदीश प्रसाद गोस्वामी को दी गई है। कमेटी अध्यक्ष पंडित सोहनलाल शर्मा



ने भक्तों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शोभा यात्रा को सफल बनाएं बैठक में सुरेश अग्रवाल, नारायण प्रसाद शर्मा, मनमोहन सर्राफ, महेश गोयल, दिलीप पांडे तथा योगेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## छात्राओं ने 'नारी सशक्तिकरण' के लिए निकाली जागरूकता रैली

**यूनिक समय, मथुरा।** आरसीए कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के कल्याणं करोति संस्था में आयोजित सात दिवसीय शिविर के पंचम दिवस कई गतिविधियां हुई। प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने नारी सशक्तिकरण विषय पर आधारित पोस्टर, बैनर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें तनु बघेल, मधु, लक्ष्मी, सोनिया, कल्पना आदि ने प्रतिभाग किया। नारी सशक्तिकरण का संदेश देने वाले पोस्टर, बैनर बनाए एवं स्लोगन का निर्माण किया। द्वितीय सत्र में 'नारी सशक्तिकरण' जागरूकता रैली मसानी क्षेत्र में निकाली गई। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सशक्त नारी, सशक्त समाज' जैसे नारों के साथ स्वयं सेविकाओं ने समाज में नारी सशक्तिकरण तथा नारी शिक्षा के संदेश का प्रसार किया। बौद्धिक सत्र में स्वयं सेविकाओं ने चिन्मयी महिला विमर्श, राष्ट्र सेविका समिति एवं जी.एल.ए. यूनिवर्सिटी के संयुक्त

### सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन हुई गतिविधियां

तत्वावधान में आयोजित 'नारी से नारायणी' विषय पर केंद्रित संगोष्ठी चिन्मयी संगम में प्रतिभाग किया। इसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी माँ ध्यानमूर्ति गिरि महाराज (श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, वृंदावन) थी। मुख्य प्रो. पूनम सिंह (बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय) और डॉ. तन्वी दुआ (चिकित्साधिकारी, पुनर्वास केंद्र, मायावती हॉस्पिटल, वृंदावन) थी।

जीएलए यूनिवर्सिटी के दर्शन शास्त्र प्रवक्ता डॉ. अभिनव तिवारी ने भारतीय और पाश्चात्य समाज, संस्कृति एवं दर्शन का आधुनिक परिप्रेक्ष्य में तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया। शिविर में सभी गतिविधियों का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजनाधिकारी डॉ. प्रतिभा और सोनम यादव ने किया।

# राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान देख मंत्रमुग्ध हुए आरआईएस के विद्यार्थी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा सात से कक्षा नौ के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का शैक्षिक भ्रमण कर वहां की अनूठी वास्तुकला, ऐतिहासिक महत्व और जैव विविधता की विस्तार से जानकारी जुटाई। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को देश की समृद्ध जैव विविधता, मनमोहक वनस्पतियों तथा इस प्रसिद्ध उद्यान के ऐतिहासिक महत्व का गहन अनुभव प्रदान करना था।


राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का शैक्षिक भ्रमण करते छात्र-छात्राएं।

अपने शैक्षिक भ्रमण में नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान की मनमोहक सुन्दरता देखकर राजीव इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी न केवल मंत्रमुग्ध हुए बल्कि इसे जीवन का अविस्मरणीय अवसर बताया। अपने शिक्षकों के साथ अमृत उद्यान पहुंचे छात्र-छात्राओं का स्वागत वहां के हरे-भरे वातावरण और मौसमी फूलों की मनमोहक छटा ने किया। गुलाब, ट्यूलिप, डैफोडिल और गेंदे जैसे विभिन्न फूलों से सजे इस सुन्दर परिदृश्य ने उनका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। औषधीय और सुगंधित जड़ी-बूटियों सहित विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों ने छात्र-छात्राओं की जहां जिज्ञासा को बढ़ाया वहीं शिक्षकों ने उन्हें इनके महत्व से भी रूबरू कराया।

अपने शैक्षिक भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने बगीचे के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया, जिनमें गोलाकार, लम्बे और बोन्साई उद्यान शामिल थे। बच्चे संगीतमय फव्वारे देखकर विशेष रूप से उत्साहित थे, जिसने बगीचे की प्राकृतिक सुन्दरता को और भी बढ़ा दिया था। इस यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं को विभिन्न पौधों का अवलोकन किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिज्ञासा बढ़ी। उन्हें पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के महत्व और जैव विविधता को बनाए रखने में उद्यानों की भूमिका पर भी ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई।

स्कूल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि शैक्षिक भ्रमण पठन-पाठन का अहम हिस्सा है। जो बातें छात्र-छात्राएं पाठ्य-पुस्तकों से नहीं जान या सीख पाते वे बातें शैक्षिक भ्रमण में उन्हें सहजता से समझ में आ जाती हैं। प्रिंसिपल प्रिया मदान ने शैक्षिक भ्रमण से लौटे छात्र-छात्राओं से उनके अनुभव जाने तथा अन्य विद्यार्थियों को अगले वर्ष अमृत उद्यान ले जाने का आश्वासन दिया।

## विवाद में घिरा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का चुनाव स्थगित

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्राथमिक संवर्ग ब्लॉक राया का त्रिवार्षिक चुनाव तीखे विवाद के चलते स्थगित कर दिया गया। 21 फरवरी को महावीर स्वामी गेस्ट हाउस में प्रस्तावित संगोष्ठी व चुनाव से पहले देर रात जारी पत्र में मतदान स्थल बदलकर बीआरसी राया कर दिया गया, जिससे पदाधिकारियों में असंतोष फैल गया। ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन दास गुप्ता समेत कई सदस्यों ने अचानक बदलाव का विरोध किया। बढ़ते विवाद और प्रदेश पदाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद जिलाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से चुनाव निरस्त करने की घोषणा की। हालांकि एक अन्य पत्र जारी कर चुनाव कराने की कोशिश से स्थिति और उलझ गई। जिला मीडिया प्रमुख गोवर्धन दास गुप्ता ने मामले की जांच और नई तिथि घोषित करने की मांग की है।

हर रोज सुबह–सुबह खाली पेट करें मेथी दाने का सेवन

# फौलादी बन जाएगा शरीर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मेथी दाने में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। आइए इनका सेवन करने के सही तरीके के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

मेथी दाने में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन–सी और आयरन समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। अगर आप रेगुलरली सही मात्रा में और सही तरीके से मेथी दाने का सेवन करना शुरू कर देते हैं, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं। आइए औषधीय गुणों से भरपूर मेथी दाने के कुछ कमाल के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानते हैं।




आयुर्वेद के मुताबिक सुबह–सुबह खाली पेट मेथी दाने को कंज्यूम करना सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। शरीर को फौलादी बनाए रखने के लिए आपको भीगे हुए मेथी दाने का सेवन करना चाहिए। रात में सोने से पहले एक गिलास पानी में 1 से 2 स्पून मेथी दाना डालकर छोड़ दीजिए। अब अगली सुबह आप रात भर भीगे हुए मेथी दाने को खा सकते हैं।आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मेथी दाने में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपकी गट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए मेथी दाने को अपने डाइट प्लान का हिस्सा बना लीजिए। डायबिटीज पेशेंट्स को भी भीगे हुए मेथी दाने को कंज्यूम करने की सलाह दी जाती है।

क्या आप अपनी वेट लॉस जर्नी को आसान बनाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको अपने डाइट प्लान में मेथी दाने को शामिल कर लेना चाहिए। भीगे हुए मेथी दाने कंज्यूम करने से आप अपनी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर अपने बढ़ते हुए वजन पर काबू पा सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मेथी दाना न केवल आपकी सेहत पर बल्कि आपकी त्वचा और आपके बालों पर भी पॉजिटिव असर डाल सकता है।

ब्यूटी पार्लर में करियर

# ग्लैमर और सफलता का सुनहरा मौका



**यूनिक समय,नई दिल्ली।** ब्यूटी इंडस्ट्री लगातार बढ़ रही है और इसमें करियर के भी शानदार मौके उपलब्ध हैं। कई लोग पार्लर खोलकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं, जबकि कुछ लोग प्रोफेशनल ट्रेनिंग लेकर मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट बन रहे हैं। आज की आधुनिक दुनिया में ब्यूटी और ग्रूमिंग इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। ब्यूटी पार्लर न केवल सुंदरता बढ़ाने का साधन हैं, बल्कि यह एक शानदार करियर विकल्प भी प्रदान करते हैं। अगर आपको मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, स्किन केयर और फैशन में रुचि है, तो यह क्षेत्र आपके लिए सुनहरा अवसर हो सकता है।

**मेकअप आर्टिस्ट-** फिल्म, टीवी, वेडिंग और फैशन इंडस्ट्री में मेकअप आर्टिस्ट की काफी मांग है।

**हेयर स्टाइलिस्ट -** नए हेयर ट्रेंड्स और स्टाइलिंग तकनीकों में महारत हासिल कर एक सफल करियर बना सकते हैं।

**स्किन केयर स्पेशलिस्ट-** फेशियल, डिटैनिंग, एंटी–एजिंग ट्रीटमेंट जैसी सेवाओं के लिए प्रोफेशनल्स की जरूरत होती है।

**नेल आर्टिस्ट-** आजकल नेल आर्ट एक बड़ा ट्रेंड बन गया है, जिससे इसमें भी करियर की अच्छी संभावनाएं हैं।

**ब्यूटी प्रोडक्ट कंसल्टेंट-** कई कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स को प्रमोट करने के लिए ब्यूटी एक्सपर्ट्स को हायर करती हैं।

**ब्यूटी पार्लर व्यवसाय-** खुद का पार्लर खोलकर आत्मनिर्भर बना जा सकता है। ब्यूटी इंडस्ट्री न केवल ग्लैमर से भरपूर है, बल्कि इसमें असीमित कमाई और सफलता के अवसर भी हैं। यदि आप क्रिएटिव हैं और इस क्षेत्र में मेहनत करने के लिए तैयार हैं, तो यह करियर आपको सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

## कैसे शुरू करें करियर?

किसी मान्यता प्राप्त ब्यूटी अकादमी से ट्रेनिंग लें।

प्रैक्टिकल अनुभव के लिए इंटर्नशिप करें।

सोशल मीडिया पर अपनी स्किल्स को प्रमोट करें।

ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए सेवाओं में इनोवेशन करें।

बेसन और ब्रेड से बनाएं हेल्दी नाश्ता

# बच्चे भी चाव से खाएंगे,बहुत आसान है रेसिपी







ममता सिंह

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नाश्ते में कुछ टेस्टी बनाकर खाना चाहते हैं तो बेसन और ब्रेड से तैयार ये रेसिपी जरूर ट्राई करें। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को बेसन ब्रेड टोस्ट काफी पसंद आएगा। जानिए इसे बनाने का आसान तरीका क्या है? बच्चे सुबह नाश्ते में बड़े नखरे करते हैं। कई बार हेल्दी खाना देखकर तो मुंह बनाने लगते हैं।

रोजाना पराठा खाकर बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप बच्चों के लिए ब्रेड से हेल्दी और टेस्टी नाश्ता बना सकते हैं। ब्रेड बच्चों का ऑल टाइम फेवरेट फूड है।

और बेसन की मदद से घर में ये नाश्ता तैयार कर सकते

इसका स्वाद काफी हद तक ब्रेड पकोड़े जैसा होता है लेकिन इसे डीप फ्राई नहीं किया जाता है। जानिए कैसे बनाते हैं ब्रेड और बेसन से टेस्टी नाश्ता और क्या है इसकी रेसिपी।

बनाने की रेसिपीः ब्रेड और बेसन से नाश्ता बनाने के लिए ब्रेड की स्लाइस लें और उन्हें पसंदीदा शेप में काट लें। अगर बड़ा बनाना चाहते हैं ब्रेड को साबुत ही रखें।

अब जैसे पकोड़े और ब्रेड पकोड़े के लिए बेसन घोलते हैं वैसा ही बेसन का घोल बना लें। इस घोल में बारीक कटा हरा धनिया, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटी प्याज, नमक और थोड़ा चाट मसाला मिला लें।

अब तवा गर्म करें और उस पर हल्का ऑयल लगा लें। ब्रेड के टुकड़ों को बेसन के घोल में दोनों तरफ से डिप करें और उन्हें तवे पर रखते जाएं। गैस की फ्लेम मीडियम कर दें। एक बार में 1 बड़ा ब्रेड या 3–4 ब्रे के छोटे टुकड़े तवे पर रख सकते हैं।

जब ब्रेड एक तरफ से सिक जाए तो पलट दें और दूसरी साइड से भी सेंक लें। इसी तरह सारे ब्रेड हल्के क्रिस्पी होने तक सेंक लें। इन्हें आप सॉस या हरी चटनी के साथ खाएं। ऊपर से थोड़ा चाट मसाला डालकर गर्मागरम ब्रेड और बेसन से बना नाश्ता सर्व करें।

बच्चों के ये नाश्ता काफी पसंद आएगा। इसे सेकने में ज्यादा तेल भी नहीं लगता और फटाफट ये नाश्ता तैयार हो जाता है। आपको एक बार ये आसान रेसिपी जरूर ट्राई करनी चाहिए। इससे आपको एक हेल्दी नाश्ते का ऑप्शन भी मिल जाएगा।

# एमबीए : करियर की नई उड़ान, सुनहरे अवसरों की पहचान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आज के प्रतिस्पर्धी दौर में प्रबंधन की समझ और नेतृत्व क्षमताओं की मांग हर उद्योग में तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) एक ऐसा पाठ्यक्रम बन चुका है जो युवाओं को निजी कंपनियों और व्यावसायिक जगत में एक मजबूत पहचान दिलाने में मदद करता है।

भारत में हर साल लाखों छात्र एमबीए के माध्यम से अपने रोजगार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का सपना देखते हैं।

**क्यों एमबीए बना पहली पसंद?**

एमबीए करने के बाद अनेक रोजगार के द्वार खुल जाते हैं। चाहे आप विपणन (मार्केटिंग) में रुचि रखते हों या वित्त (फाइनेंस), संचालन (ऑपरेशंस), मानव संसाधन (एचआर) या व्यावसायिक विश्लेषण (बिजनेस एनालिटिक्स)–हर क्षेत्र में एमबीए करने वालों की मांग बढ़ रही है।

भारत में आईआईएम, एक्सएलआरआई, एफएमएस, और आईएसबी जैसे संस्थान प्रबंधन शिक्षा के शीर्ष केंद्र हैं, जहां से पढ़ाई करने के बाद छात्रों को शानदार वेतन पैकेज वाली नौकरियां मिलती हैं।

## व्यवसाय और नवोद्यम (स्टार्टअप) के लिए एमबीए क्यों महत्वपूर्ण?

अगर आप एक सफल उद्यमी बनना चाहते हैं, तो एमबीए आपके लिए संजीवनी साबित हो सकता है। एमबीए न केवल व्यवसाय प्रबंधन की बारीकियां सिखाता है, बल्कि जोखिम प्रबंधन (रिस्क मैनेजमेंट), नेतृत्व क्षमता (लीडरशिप स्किल्स), और रणनीतिक योजना (स्ट्रेटेजिक प्लानिंग) जैसी महत्वपूर्ण क्षमताएं भी विकसित करता है। कई नामी नवोद्यमों (स्टार्टअप्स) के संस्थापकों ने एमबीए किया हुआ है, जो उनकी व्यावसायिक सफलता का आधार बना।

## एमबीए के बाद प्रमुख करियर विकल्प

एमबीए करने के बाद छात्रों के लिए कई आकर्षक रोजगार के विकल्प मौजूद होते हैं, जिनमें शामिल हैं:

**निवेश बैंकिंग (इन्वेस्टमेंट बैंकिंग)-** उच्च वेतन और अंतरराष्ट्रीय अवसर

**डिजिटल विपणन (डिजिटल मार्केटिंग)-** तेजी से बढ़ता क्षेत्र

**व्यावसायिक विश्लेषण (बिजनेस एनालिटिक्स)-** आंकड़ों के खेल में आगे बढ़ने का मौका

**परियोजना प्रबंधन (प्रोजेक्ट मैनेजमेंट)-** कॉरपोरेट नेतृत्व बनने की राह

आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (सप्लाई चेन मैनेजमेंट)- उद्योगों की रीढ़ बनने का अवसर

## क्या एमबीए आपके लिए सही है?

अगर आप नेतृत्व में रुचि रखते हैं, समस्या समाधान (प्रॉब्लम सॉल्विंग) में माहिर हैं और व्यावसायिक जगत में अपनी अलग पहचान बनाना चाहते हैं, तो एमबीए आपके लिए एक शानदार रोजगार विकल्प हो सकता है। सही संस्थान का चुनाव और विशेषज्ञता (स्पेशलाइजेशन) पर ध्यान देने से आप अपने रोजगार को ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। एमबीए सिर्फ एक उच्च शिक्षा की डिग्री नहीं, बल्कि एक सुनहरा अवसर है–अपने सपनों को हकीकत में बदलने का!

## एमबीए के बाद कितना वेतन मिल सकता है?

आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से एमबीए करने के बाद छात्रों को औसतन 20–30 लाख रुपये वार्षिक का वेतन मिल सकता है, जबकि अन्य अच्छे महाविद्यालयों से पढ़ाई करने वाले छात्रों को 8–15 लाख रुपये तक की वार्षिक आय मिलती है।

## सुविचार



"आप तब तक नहीं हार सकते! जब तक आप कोशिश करना नहीं छोड़ देते !!"

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | पंचमी | 04:01-05:05 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | अश्विनी | 07: -07 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 6:54 AM | चन्द्रोदय | 09:31 AM |
| सूर्यास्त | | 06: 11 PM | चंद्रास्त | 11:17 PM |
| सूर्य राशि | | कुंभ राशि | चंद्र | मेष |
| शुभ मुहूर्त | | 12:08PM –12:50 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:083-06:11 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 04:46 PM-06:11 PM | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# तीन मार्च को साल का पहला चंद्र ग्रहण: जानें समय, अवधि और सूतक काल

**यूनिक समय, मथुरा।** चंद्र ग्रहण 2026: वर्ष 2026 का पहला चंद्र ग्रहण 3 मार्च मंगलवार को लगने जा रहा है। यह ग्रहण कई मायनों में खास माना जा रहा है, क्योंकि यह वर्ष का सबसे लंबी अवधि तक रहने वाला चंद्र ग्रहण होगा। इस दिन चंद्रमा सिंह राशि में गोचर करेंगे। चूंकि यह ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य रहेगा। आइए जानते हैं कि भारत में यह चंद्र ग्रहण कब से कब तक दिखाई देगा और सूतक काल कब प्रारंभ होगा।

**चंद्र ग्रहण का समय और खग्रास काल-** 3 मार्च 2026 को चंद्र ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ होगा। ग्रहण का समापन शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। इस दौरान ग्रहण की कुल अवधि लगभग 3 घंटे 27 मिनट रहेगी। ग्रहण का खग्रास काल यानी पूर्ण चंद्र ग्रहण शाम 4 बजकर 34 मिनट से शुरू होगा। खग्रास वह स्थिति होती है जब पृथ्वी की छाया पूरी तरह से चंद्रमा को ढक




लेती है। यह दृश्य खगोलीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

**भारत में कब और कितनी देर दिखेगा चंद्र ग्रहण?** भारत में इस दिन चंद्रोदय का समय लगभग शाम 6 बजकर 22 मिनट है। चूंकि ग्रहण का समापन 6 बजकर 47 मिनट पर होगा, इसलिए भारत में यह चंद्र ग्रहण केवल लगभग 25 मिनट तक ही दिखाई देगा। हालांकि, चंद्रोदय का समय अलग-अलग शहरों में थोड़ा भिन्न हो सकता है, जिससे ग्रहण की दृश्य अवधि में कुछ मिनटों का अंतर संभव है। राजधानी दिल्ली में चंद्रोदय लगभग 6 बजकर 22 मिनट पर ही होगा, इसलिए वहां भी ग्रहण लगभग 25 मिनट तक दिखाई देगा।

**भारत में सूतक काल कब से शुरू होगा?** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण लगने से 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। चूंकि


MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर प्रारंभ होगा, इसलिए भारत में सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से लागू माना जाएगा। सूतक काल के दौरान किसी भी प्रकार के शुभ या मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। इस समय भगवान की मूर्तियों को स्पर्श करने से परहेज किया जाता है। भोजन बनाना और खाना भी वर्जित माना जाता है। इसके अलावा बाल और नाखून काटने जैसे कार्यों से भी बचने की सलाह दी जाती है। इस प्रकार 3 मार्च 2026 का चंद्र ग्रहण खगोलीय और धार्मिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहने वाला है।

# क्या आपके घर में है नकारात्मक ऊर्जा? प्रवेश करते ही मिलते हैं ये चार संकेत

**यूनिक समय, मथुरा।** हर व्यक्ति चाहता है कि उसके जीवन और घर में सुख-शांति तथा सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। लेकिन कई बार जीवनशैली की अव्यवस्था, तनाव, आपसी कलह या वास्तु दोष के कारण घर का वातावरण भारी और नकारात्मक महसूस होने लगता है। ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के अनुसार यदि कुंडली में राहु-केतु या शनि की प्रतिकूल स्थिति हो तो भी व्यक्ति को मानसिक अशांति और नकारात्मकता का अनुभव हो सकता है। कहा जाता है कि जब घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ता है, तो उसके कुछ संकेत प्रवेश करते ही महसूस होने लगते हैं। आइए जानते हैं वे प्रमुख संकेत कौन-से हैं।

**घर में प्रवेश करते ही घबराहट या डर महसूस होना-** यदि आप जैसे ही घर की दहलीज पार करते हैं, मन में अचानक भय, बेचैनी या घुटन का अनुभव होता है, तो इसे अच्छा संकेत नहीं माना जाता। सामान्यतः घर वह स्थान होता है जहां व्यक्ति को



सुकून मिलता है। यदि उल्टा अनुभव हो रहा है, तो यह मानसिक तनाव, वास्तु दोष या नकारात्मक वातावरण की ओर इशारा कर सकता है। ऐसी स्थिति में घर के वातावरण और अपनी दिनचर्या दोनों की समीक्षा करना आवश्यक है।

**किसी के मौजूद होने का आभास-** कभी-कभी व्यक्ति को ऐसा महसूस होता है कि घर में कोई और भी है, हल्की आवाज सुनाई देती है या कोई नाम लेकर पुकार रहा हो। जबकि वास्तव में आसपास कोई नहीं होता। लगातार ऐसा अनुभव होना मानसिक थकान, तनाव या डर का परिणाम भी हो सकता है, लेकिन इसे नकारात्मक ऊर्जा का संकेत भी माना जाता है। ऐसे में पहले मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें और जरूरत पड़े तो विशेषज्ञ से सलाह लें।

**परिवार के सदस्यों की बार-बार तबीयत खराब होना-** यदि घर में एक के बाद एक सदस्य बीमार पड़ रहे हैं या छोटी–छोटी समस्याएं लगातार बनी रहती हैं, तो यह भी अशुभ माना जाता है। हालांकि स्वास्थ्य संबंधी कारणों को प्राथमिकता देना जरूरी है, लेकिन ज्योतिष मान्यता के अनुसार राहु-केतु या शनि की प्रतिकूल दशा भी इसका कारण हो सकती है। नियमित पूजा–पाठ, साफ-सफाई और सकारात्मक वातावरण बनाए रखना लाभकारी माना जाता है।

**वस्तुओं का बार-बार गायब होना या दुर्गंध आना-** अगर घर में सामान अपनी जगह पर न मिले या बार–बार चीजें इधर-उधर दिखाई दें, तो यह अव्यवस्था का परिणाम हो सकता है। वहीं बिना किसी स्पष्ट कारण के दुर्गंध महसूस होना भी नकारात्मकता से जोड़ा जाता है। ऐसे में घर की सफाई, वेंटिलेशन और वास्तु व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए।

**नकारात्मक ऊर्जा से बचने के उपाय-** नकारात्मकता से बचने के लिए घर की नियमित सफाई करें और सप्ताह में एक-दो बार नमक मिले पानी से पोछा लगाएं। प्रतिदिन सुबह-शाम दीपक या धूप जलाने से वातावरण शुद्ध माना जाता है। अपनी दिनचर्या संतुलित रखें, सकारात्मक सोच अपनाएं और मंत्र जप या ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाएं। सबसे महत्वपूर्ण है कि घर में प्रेम, संवाद और सहयोग का वातावरण बनाए रखें-यही सच्ची सकारात्मक ऊर्जा का आधार है।

## नए साल का व्रत–त्योहार कैलेंडर

- 27 फरवरी, दिन शुक्रवार: आमलकी एकादशी
- 1 मार्च, दिन रविवार: रवि प्रदोष व्रत
- 3 मार्च, दिन मंगलवार: फाल्गुन पूर्णिमा
- 4 मार्च, दिन बुधवार: होली
- 6 मार्च, दिन शुक्रवार: भालचन्द्र संकष्टी
- 15 मार्च, दिन रविवार: पापमोचनी एकादशी
- 16 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत
- 17 मार्च, दिन मंगलवार: चैत्र मासिक शिवरात्रि
- 19 मार्च, दिन बृहस्पतिवार: चैत्र अमावस्या, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ
- 22 मार्च, दिन रविवार: वासुदेव चतुर्थी
- 26 मार्च, दिन गुरुवार: राम नवमी
- 29 मार्च, दिन रविवार: कामदा एकादशी
- 30 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत

## कल का राशिफल

**मेष राशि** : मेष राशि के जातकों का दिन काफी उत्साहजनक रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और बड़े लोगों से मुलाकात का योग बनेगा।

**वृष राशि** : वृषभ राशि के जातकों को सतर्क रहना होगा। कोई बड़ा निवेश टालें। करियर में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन बहस से बचें। घरेलू जीवन सुखद रहेगा, परिवार के साथ समय बिताएं। महिलाओं के लिए घर के कामों में व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन राशि** : मिथुन राशि के जातकों का दिन अच्छा रहेगा। धन लाभ का मजबूत योग है। पुराने दोस्त से मुलाकात या बातचीत से मन खुश होगा। घर के बड़ों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है।

**कर्क राशि**: आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें।

**सिंह राशि** : सिंह राशि के जातकों का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत जारी रखें, लेकिन जल्दबाजी न करें। परिवार में छोटी-मोटी बातों से तनाव हो सकता है, धैर्य रखें।

**तुला राशि** : तुला राशि के जातकों को बहस से दूर रहना होगा। मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन धीरे–धीरे। परिवार में शांति रहेगी। प्रेम जीवन में समझदारी बनाए रखें।

**वृश्चिक राशि** : वृश्चिक राशि के जातकों का दिन चुनौतियों से भरा हो सकता है, लेकिन धैर्य से सब संभल जाएगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग मिलेगा। प्रेम में थोड़ा धैर्य रखें।

**धनु राशि** : धनु राशि के जातक नई शुरुआत कर सकते है। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। धन का आगमन संभव। परिवार सुखद रहेगा। स्वास्थ्य के लिए योग या वॉक लाभदायक रहेगा।

**मकर राशि** : मकर राशि वालों को आज के दिन मेहनत का फल मिलेगा। लेकिन बड़े खर्च की संभावना भी है। करियर में स्थिरता रहेगी। प्रेम जीवन में समझ बनाए रखें। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के जातकों का आज के दिन बड़ा खर्च हो सकता है, बजट पर नजर रखें। करियर और बिजनेस में सतर्क रहें। परिवार में कुछ मुद्दे सुलझ सकते हैं। प्रेम में स्थिरता रहेगी।

**मीन राशि** : मीन राशि वालों का आज का दिन सामान्य से बेहतर रहेगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार और प्रेम में खुशियां रहेंगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन आराम लें।

# सुबह 3 से 4 बजे के बीच नींद टूटना: क्या है इसका आध्यात्मिक अर्थ?

**यूनिक समय, मथुरा।** अक्सर कई लोगों की नींद सुबह 3 से 4 बजे के बीच अचानक खुल जाती है। ज्यादातर लोग इसे सामान्य बात समझकर फिर से सोने की कोशिश करते हैं, लेकिन धार्मिक और योग शास्त्रों में इस समय का विशेष महत्व बताया गया है। यह समय ब्रह्म मुहूर्त की शुरुआत का होता है, जिसे साधना, ध्यान और आत्मचिंतन के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। यदि आपकी नींद इस समय बार-बार खुलती है, तो इसके पीछे कुछ गहरे आध्यात्मिक संकेत हो सकते हैं।

**ब्रह्म मुहूर्त का महत्व-** सुबह लगभग 3 से 4 बजे के बीच वातावरण अत्यंत शांत और शुद्ध होता है। इसे ब्रह्म मुहूर्त कहा जाता है। मान्यता है कि इस समय सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह अधिक होता है और मन सबसे अधिक शांत अवस्था में रहता है। यही कारण है कि ऋषि-मुनि और साधक इस समय ध्यान, जप



और साधना करते थे। अगर आपकी नींद बिना अलार्म के इस समय खुलती है और आपको थकान महसूस नहीं होती, तो यह आपके भीतर ऊर्जा के सकारात्मक संचार का संकेत हो सकता है।

**सकारात्मक ऊर्जा का संकेत-** योग ग्रंथों के अनुसार जब व्यक्ति का मन और शरीर संतुलित होते हैं, तो उसकी जैविक घड़ी स्वतः ही ब्रह्म मुहूर्त में जागृत होने लगती है। यह दर्शाता है कि व्यक्ति का जीवन सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे लोगों में मानसिक स्पष्टता, आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता अधिक विकसित होती है। यदि आप भी अक्सर 3 से 4 बजे के बीच उठ जाते हैं और मन शांत महसूस करता है, तो इसे सकारात्मक संकेत माना जाता है।

**आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक-** ब्रह्म मुहूर्त में नींद का खुलना आध्यात्मिक उत्थान का संकेत भी माना जाता है। कहा जाता है कि यह समय आत्मचिंतन और ईश्वर से जुड़ने का होता है। इस समय ध्यान, प्राणायाम या मंत्र जप करने से मन और बुद्धि का विकास होता है। नियमित रूप से इस समय जागने वाले लोगों में आत्मविश्लेषण की क्षमता बढ़ती है और वे जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक धैर्य और विवेक से कर पाते हैं।

**दिव्य मार्गदर्शन और ईश्वर का आशीर्वाद-** धार्मिक मान्यता के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में ईश्वरीय चेतना अधिक सक्रिय रहती है। इस समय जागना इस बात का संकेत हो सकता है कि ईश्वर का विशेष आशीर्वाद आप पर है। कई लोग इसे पिछले जन्म के अच्छे कर्मों का फल भी मानते हैं। ऐसी स्थिति में उठकर अपने इष्ट देव का स्मरण करना, ध्यान लगाना या सकारात्मक संकल्प लेना अत्यंत शुभ माना जाता है।

हालांकि, यदि इस समय नींद खुलने के साथ बेचैनी, तनाव या अनिद्रा की समस्या हो, तो चिकित्सकीय सलाह लेना भी जरूरी है। लेकिन यदि मन प्रसन्न और शांत रहे, तो यह समय आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत हो सकता है।

## सम्पादकीय

# मुफ्त की योजनाओं पर लगे लगाम

सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी ने चुनावी राजनीति में बढ़ती 'फ्रीबीज संस्कृति' पर एक बार फिर राष्ट्रीय बहस छेड़ दी है। मुफ्त योजनाओं को लेकर अदालत की सख्त टिप्पणी केवल किसी एक राज्य के लिए संदेश नहीं, बल्कि समूची राजनीतिक व्यवस्था के लिए चेतावनी है। लोकतंत्र में जनकल्याण आवश्यक है, परंतु जब कल्याण और लोकलुभावन वादों की सीमा धुंधली हो जाती है, तब वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक विकास दोनों खतरे में पड़ जाते हैं। मामला तब चर्चा में आया जब एक राज्य सरकार ने आय की परवाह किए बिना मुफ्त बिजली देने की योजना का विस्तार किया। अदालत ने प्रश्न उठाया कि सार्वभौमिक मुफ्त वितरण से समाज में किस प्रकार की कार्य-संस्कृति विकसित होगी। यह प्रश्न केवल नैतिक नहीं, आर्थिक भी है। जब राज्य बिना लक्षित नीति के बड़े पैमाने पर मुफ्त सुविधाएं देते हैं, तो उसका सीधा प्रभाव राजकोषीय घाटे और कर्ज पर पड़ता है। भारत के अधिकांश राज्य पहले ही सीमित राजस्व और बढ़ते व्यय के दबाव से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त योजनाओं पर खर्च हो, तो पूंजीगत व्यय-जैसे सड़क, सिंचाई, उद्योग, स्वास्थ्य अवसंरचना और शिक्षा-प्रभावित होते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ने भी आगाह किया है कि अनियंत्रित फ्रीबीज उत्पादक निवेश को पीछे धकेलती हैं। अल्पकाल में ये योजनाएं खपत बढ़ा सकती हैं, परंतु दीर्घकाल में विकास की गति को बाधित करती हैं। यह भी सच है कि भारत जैसे असमानता-ग्रस्त समाज में लक्षित सब्सिडी और सामाजिक सुरक्षा अनिवार्य हैं। गरीब, किसान, श्रमिक और वंचित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा तक पहुंच देना राज्य का दायित्व है। परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि बिना आय-आधारित पहचान और पारदर्शी तंत्र के सार्वभौमिक मुफ्त वितरण को नीति बना लिया जाए। सही रास्ता यह है कि सहायता उन्हीं तक पहुंचे जिन्हें वास्तविक आवश्यकता है।


पवन गौतम

फ्रीबीज की राजनीति लोकतांत्रिक विमर्श को भी प्रभावित करती है। चुनावी बहसें रोजगार, कौशल विकास, औद्योगिक निवेश और प्रशासनिक सुधार जैसे गंभीर मुद्दों से हटकर तात्कालिक लाभों की प्रतिस्पर्धा में बदल जाती हैं। राजनीतिक दल दीर्घकालिक नीतिगत सुधारों के बजाय त्वरित लोकप्रियता पर ध्यान केंद्रित करने लगते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि शासन का फोकस संरचनात्मक सुधारों से भटक जाता है। समाधान प्रतिबंध नहीं, संतुलन है। कल्याणकारी योजनाएं जारी रहें, लेकिन वे वित्तीय रूप से टिकाऊ लक्षित और पारदर्शी हों। राज्यों को अपनी राजस्व क्षमता बढ़ाने, व्यय की गुणवत्ता सुधारने और पूंजीगत निवेश को प्राथमिकता देने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। संसाधन सीमित हैं और अपेक्षाएं असीमित। ऐसे में विवेकपूर्ण नीति-निर्माण ही देश को आर्थिक स्थिरता और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ा सकता है।

## नजरिया

# एसिड हमलों पर जरूरत है अब निर्णायक प्रहार की



एसिड अटैक केवल एक आपराधिक कृत्य नहीं, बल्कि मानवीय अस्मिता पर क्रूर प्रहार है। यह किसी व्यक्ति के चेहरे, शरीर और जीवन को ही नहीं, बल्कि उसके आत्मविश्वास, सामाजिक पहचान और भविष्य को भी झुलसा देता है। फिर भी सबसे भयावह प्रश्न यही है-आखिर क्यों एसिड हमलावर भयभीत नहीं हैं? क्या उन्हें कानून की धीमी रफ्तार और प्रक्रियागत जटिलताओं पर भरोसा है, या फिर दंड का स्वरूप इतना कठोर नहीं कि अपराध करने से पहले वे कांप उठें?

हाल ही में शीर्ष न्यायालय ने 'शाहीन मलिक बनाम भारत संघ' मामले में एसिड हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रतिरोधक सिद्धांत (डिटरेंस थ्योरी) की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठाया। न्यायालय ने संकेत दिया कि यदि दोष सिद्ध हो जाए तो अपराधी की संपत्ति कुर्क कर पीड़िता को मुआवजा देने जैसे असाधारण कदमों पर विचार होना चाहिए। यह सुझाव केवल आर्थिक दंड का नहीं, बल्कि सामाजिक संदेश का भी प्रतीक है-कि एसिड हमला साधारण अपराध नहीं, बल्कि जघन्य हिंसा है।

शाहीन मलिक का मामला न्यायिक प्रक्रिया की लंबी यात्रा का प्रतीक है। 2009 में उन पर एसिड फेंका गया। वर्षों तक कानूनी संघर्ष के बाद भी उन्हें अंतिम न्याय का इंतजार है। निचली अदालत से बरी होने के बाद मामला उच्च न्यायालय में लंबित है। यह देरी स्वयं में उस पीड़ा का विस्तार है, जिसे पीड़िताएं पहले ही झेल चुकी होती हैं। न्याय में विलंब, न्याय से वंचित होने जैसा है-और यही विलंब अपराधियों के मन से भय को कम करता है।

भारत में एसिड हमलों को लेकर कानूनी ढांचा मौजूद है। 2013 में एक जनहित याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने एसिड की बिक्री को नियंत्रित करने के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी किए। दुकानों के लिए लाइसेंस, पहचान पत्र की अनिवार्यता और बिक्री रजिस्टर रखने जैसी व्यवस्थाएं लागू की गईं। इसके बाद भारतीय दंड संहिता में धारा 326ए और 326बी जोड़ी गईं, जिनमें न्यूनतम दस वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। अपराध को गैर-जमानती श्रेणी में रखा गया।

कानून के ये प्रावधान कागज पर सशक्त प्रतीत होते हैं, परंतु सवाल उनका प्रभावी क्रियान्वयन है। कई राज्यों में अब भी एसिड की अवैध बिक्री जारी है। पुलिस जांच में ढिलाई, गवाहों पर दबाव, चिकित्सा साक्ष्यों के संरक्षण में लापरवाही और अदालतों में वर्षों तक लंबित मुकदमे-ये सब मिलकर दंड की अनिवार्यता को कमजोर कर देते हैं। जब सजा की संभावना अनिश्चित हो, तो कानून की कठोरता भी भय उत्पन्न नहीं कर पाती। एसिड हमला केवल शारीरिक हिंसा नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक मानसिकता का चरम रूप है। अस्वीकृति, ईर्ष्या, बदला या 'इज्जत' की विकृत अवधारणा-इन सबका परिणाम अक्सर महिला के चेहरे पर तेजाब बनकर गिरता है। दुनिया के कई देशों में ऐसे अपराध हुए हैं, पर दक्षिण एशिया में इसकी भयावहता अधिक रही है। इंग्लैंड की केटी पाइपर, कोलंबिया की नतालिया पोंसे दे लियोन, ईरान की अमेनेह बह्रमी और भारत की लक्ष्मी अग्रवाल-इन सबकी कहानियां बताती हैं कि यह हिंसा सीमाओं से परे है। कोलंबिया ने 2016 में विशेष कानून पारित कर एसिड हमले को स्वतंत्र और जघन्य अपराध के रूप में परिभाषित किया। कठोर दंड और स्पष्ट कानूनी परिभाषा ने यह संदेश दिया कि समाज ऐसे अपराधों को सहन नहीं करेगा। भारत में भी अब समय आ गया है कि कानून को और अधिक दंडात्मक और त्वरित बनाया जाए। असाधारण अपराधों के लिए असाधारण दंड आवश्यक हैं। यदि दोष सिद्ध हो, तो केवल कारावास पर्याप्त नहीं होना चाहिए। अपराधी की चल-अचल संपत्ति जब्त कर पीड़िता के पुनर्वास में लगाई जाए। सर्जरी, पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक परामर्श, शिक्षा और रोजगार-इन सबकी लागत भारी होती है। राज्य मुआवजा दे, पर अपराधी भी आर्थिक रूप से उत्तरदायी बने। यह न केवल न्याय होगा, बल्कि प्रतिरोधक प्रभाव भी उत्पन्न करेगा।

साथ ही, एसिड हमलों के मामलों के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतें अनिवार्य हों। छह माह या एक वर्ष की समयसीमा में मुकदमे का निपटारा सुनिश्चित किया जाए। पुलिस और अभियोजन अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम हों, ताकि साक्ष्य संग्रहण और प्रस्तुति में त्रुटियां न रहें। पीड़ित संरक्षण कार्यक्रमों को सशक्त बनाया जाए, ताकि गवाहों पर दबाव न पड़े।

कानून से परे, सामाजिक पुनर्वास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आगरा का 'शीरोज हैंगआउट' इस बात का उदाहरण है कि कैसे एसिड पीड़िताएं आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ जीवन पुनर्निर्मित कर सकती हैं। समाज का दायित्व है कि वह उन्हें दया की दृष्टि से नहीं, बल्कि साहस की प्रतीक के रूप में देखे। शिक्षा संस्थानों, कार्यस्थलों और मीडिया को संवेदनशीलता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

एसिड हमले की पीड़ा जीवनभर साथ रहती है। दर्जनों सर्जरी, स्थायी शारीरिक क्षति, दृष्टि या श्रवण हानि, सामाजिक अलगाव और मानसिक आघात-ये सब उस एक क्षण के परिणाम होते हैं, जब किसी ने क्रोध या अहंकार में तेजाब फेंका। पीड़िता का जीवन संघर्ष की लंबी कहानी बन जाता है। ऐसे में केवल सहानुभूति पर्याप्त नहीं; कठोर और निर्णायक न्याय आवश्यक है।

यह भी जरूरी है कि स्कूलों और कॉलेजों में लैंगिक संवेदनशीलता, अस्वीकृति को स्वीकार करने की संस्कृति और अहिंसक व्यवहार की शिक्षा दी जाए। पितृसत्ता और विषैली मानसिकता की जड़ों पर चोट किए बिना केवल दंडात्मक उपाय पर्याप्त नहीं होंगे। सामाजिक मानसिकता में बदलाव, कानून की कठोरता के साथ-साथ चलना चाहिए। आज आवश्यकता है स्पष्ट संदेश की-एसिड हमला किसी भी जघन्य अपराध से कम गंभीर नहीं। यह जीवन को नष्ट करने का प्रयास है। अतः दंड भी ऐसा हो जो अपराधी को भयभीत करे और समाज को आश्वस्त। पीड़िताओं का मौन प्रश्न आज भी गूंजता है-क्यों हमलावर निर्भीक हैं? इसका उत्तर कानून, प्रशासन और समाज-तीनों को मिलकर देना होगा। त्वरित न्याय, संपत्ति कुर्की, कठोर कारावास, प्रभावी पुनर्वास और सामाजिक जागरूकता-ये सब मिलकर ही वास्तविक प्रतिरोधक प्रभाव पैदा करेंगे।

## विचार विण्डो


# किशोरों में अनुशासन की आदत कैसे विकसित हो?

आज का किशोर एक ऐसे दौर में जी रहा है, जहां अवसर भी अपार हैं और चुनौतियां भी। डिजिटल क्रांति, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक दबाव और बदलती जीवनशैली ने उसकी दिनचर्या को जटिल बना दिया है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने जहां जानकारी के द्वार खोले हैं, वहीं एकाग्रता, नींद और समय-प्रबंधन पर गहरा प्रभाव भी डाला है। ऐसे समय में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाता है कि किशोरों को व्यवस्थित और संतुलित जीवनशैली के लिए कैसे प्रेरित किया जाए।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि किशोरावस्था परिवर्तन का काल है। इस आयु में स्वतंत्रता की भावना प्रबल होती है और निर्देशों के बजाय विश्वास और संवाद अधिक प्रभावी होते हैं। यदि परिवार और शिक्षक केवल आदेश देंगे, तो प्रतिरोध की संभावना बढ़ेगी। इसके विपरीत, यदि किशोरों को विकल्प दिए जाएं-जैसे पढ़ाई का समय स्वयं तय करने का अवसर या लक्ष्य चुनने की स्वतंत्रता-तो उनमें जिम्मेदारी की भावना स्वतः विकसित होती है। जब उन्हें महसूस होता है कि निर्णय में उनकी भागीदारी है, तो वे अधिक प्रेरित रहते हैं।

प्रेरणा का दूसरा आधार है सराहना। केवल परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय प्रयासों की प्रशंसा करना अधिक प्रभावी होता है। यदि किशोर यह महसूस करें कि उनकी मेहनत को देखा और समझा जा रहा है, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। आत्मविश्वास ही आत्म-अनुशासन की पहली सीढ़ी है। लगातार आलोचना या तुलना उनके भीतर हताशा पैदा कर सकती है। इसलिए सकारात्मक प्रतिक्रिया और भावनात्मक समर्थन अत्यंत आवश्यक है।

स्वस्थ जीवनशैली की शुरुआत शारीरिक संतुलन से होती है। पोषक आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद किशोरों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अनिवार्य हैं। जंक फूड, अनियमित दिनचर्या और देर रात तक स्क्रीन देखने की आदत धीरे-धीरे उनकी ऊर्जा और एकाग्रता को प्रभावित करती है। परिवार यदि घर में संतुलित भोजन और नियमित समय-सारणी का वातावरण बनाए, तो किशोर सहज ही उसे अपनाते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है।



डिजिटल अनुशासन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। गैर-शैक्षणिक स्क्रीन टाइम को सीमित करना जरूरी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक स्क्रीन उपयोग से ध्यान भंग, नींद की कमी और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। माता-पिता यदि स्वयं भी मोबाइल के उपयोग में संयम बरतें, तो बच्चों पर उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। केवल नियम बनाना पर्याप्त नहीं; बड़ों को उसका उदाहरण भी प्रस्तुत करना चाहिए।

परिवार का वातावरण किशोरों के व्यक्तित्व निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाता है। घर में समय-पालन, जिम्मेदारी और पारदर्शिता की आदतें यदि दैनिक जीवन का हिस्सा हों, तो किशोर भी उसी संस्कृति में ढलते हैं। वे वही सीखते हैं जो देखते हैं। यदि माता-पिता स्वयं समय पर कार्य पूरा करें, वादों का पालन करें और संतुलित जीवन जिएं, तो यह मौन शिक्षा किसी भी उपदेश से अधिक प्रभावी होती है।

शिक्षकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। विद्यालयों में केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा पर्याप्त नहीं; जीवन कौशल, समय-प्रबंधन, तनाव-नियंत्रण और नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी दी जानी चाहिए। छोटे-छोटे लक्ष्य तय कराना, समय-सारणी बनवाना और टीमवर्क की गतिविधियां कराना अनुशासन की आदत विकसित करने में सहायक हो सकता है। खेल, योग और रचनात्मक गतिविधियां किशोरों में धैर्य और आत्म-नियंत्रण को मजबूत करती हैं।

किशोरों को नशीले पदार्थों और असामाजिक गतिविधियों से दूर रखना भी व्यवस्थित जीवनशैली का हिस्सा है। इसके लिए भय पैदा करने के बजाय जागरूकता और संवाद आवश्यक है। यदि उन्हें सही-गलत का अंतर समझाया जाए और खुलकर प्रश्न पूछने का अवसर मिले, तो वे स्वयं समझदारी से निर्णय लेने लगते हैं। विश्वास का रिश्ता उन्हें भटकने से बचाता है। संगति का प्रभाव भी गहरा होता है। मित्रों का समूह किशोरों के व्यवहार को दिशा देता है। यदि वे ऐसे वातावरण में रहें जहां लक्ष्य, मेहनत और नैतिकता को महत्व दिया जाता हो, तो वे उसी मार्ग पर आगे बढ़ते हैं। इसलिए अभिभावकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि बच्चों के मित्र और गतिविधियां कैसी हैं, परंतु निगरानी के बजाय संवाद का रास्ता अधिक प्रभावी रहेगा।

किशोरों को अपने शौक और रुचियों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। संगीत, खेल, चित्रकला, लेखन या किसी सामाजिक कार्य में भागीदारी उन्हें संतुलित दृष्टिकोण देती है। जब जीवन केवल पढ़ाई या मोबाइल तक सीमित नहीं रहता, तो मानसिक संतुलन बेहतर बना रहता है। वास्तविक दुनिया के अनुभव-प्रकृति के बीच समय बिताना, परिवार के साथ संवाद, सामाजिक कार्यों में भागीदारी-उन्हें व्यापक सोच प्रदान करते हैं। अंततः अनुशासन थोपने से नहीं, प्रेरणा से आता है। किशोरों को यह समझाना आवश्यक है कि व्यवस्थित जीवनशैली केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि उनके अपने सपनों को साकार करने का साधन है। जब वे अपने लक्ष्य स्पष्ट रूप से देख पाते हैं, तो समय-प्रबंधन और आत्म-नियंत्रण स्वाभाविक रूप से विकसित होने लगता है। संयुक्त प्रयास ही समाधान है-परिवार का स्नेह, शिक्षकों का मार्गदर्शन और किशोरों का आत्मविश्वास। यदि संवाद, विश्वास और सकारात्मक उदाहरणों के माध्यम से उन्हें दिशा दी जाए, तो वे स्वयं अनुशासित और जिम्मेदार जीवन की ओर अग्रसर होंगे। संतुलन ही जीवन का मूल मंत्र है, और यही संतुलन किशोरों को स्वस्थ, सफल और संवेदनशील नागरिक बनने की राह दिखाता है।

# प्रैक्टिस में पंड्या के शॉट से सिराज चोटिल, भारतीय टीम की बढ़ी चिंता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के सुपर 8 मुकाबले से पहले भारतीय टीम के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले अहम मैच से पहले नेट्स अभ्यास के दौरान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज चोटिल हो गए। बताया जा रहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के एक जोरदार शॉट पर गेंद सीधे सिराज के बाएं घुटने पर जा लगी।



अभ्यास सत्र के दौरान यह घटना तब हुई जब पंड्या आक्रामक बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गेंद लगते ही सिराज दर्द से कराह उठे और कुछ समय तक मैदान पर ही बैठे रहे। बाद में वे लंगड़ाते हुए नेट्स से बाहर जाते दिखाई दिए। फिलहाल उनकी चोट की गंभीरता को लेकर आधिकारिक बयान का इंतजार है।

भारतीय टीम पहले ही इस टूर्नामेंट में फिटनेस और बीमारी की चुनौतियों से जूझ चुकी है। जसप्रीत बुमराह और अभिषेक शर्मा बीमारी के कारण एक–एक मुकाबला नहीं खेल पाए थे, जबकि वॉशिंगटन सुंदर भी अस्वस्थ रहे। ऐसे में सिराज की चोट ने टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है, खासकर तब जब सुपर 8 का मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है।

सिराज ने इस टूर्नामेंट में अब तक सीमित अवसर पाए हैं। उन्होंने ग्रुप स्टेज में अमेरिका के खिलाफ मैच खेलते हुए तीन विकेट झटके थे। हालांकि अधिकतर मुकाबलों में टीम संयोजन के चलते बुमराह और अर्शदीप सिंह को प्राथमिकता दी गई। फिर भी तेज गेंदबाजी आक्रमण में सिराज एक महत्वपूर्ण विकल्प माने जाते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मुकाबला पिछले टी20 विश्व कप फाइनल का रीमैच भी है, जिससे इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाएगी। ऐसे में टीम इंडिया किसी भी प्रमुख खिलाड़ी को खोने का जोखिम नहीं उठा सकती।

टीम मैनेजमेंट और मेडिकल स्टाफ सिराज की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। यदि चोट गंभीर नहीं होती, तो उनके मैच के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद की जा सकती है। फिलहाल भारतीय खेमे की निगाहें उनके फिटनेस अपडेट पर टिकी हैं।




# चर्चित सरगुन मेहता की प्रेग्नेंसी की चर्चाएं तेज

## क्या सच में आएगी गुड न्यूज ?

**यूनिक समय, नईदिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री के चर्चित कपल रवि दुबे और सरगुन मेहता को लेकर एक बार फिर सोशल मीडिया पर कयासों का दौर शुरू हो गया है। शादी के 12 साल बाद दोनों के घर पहली बार किलकारी गूंजने की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सरगुन मेहता मां बनने वाली हैं, हालांकि अब तक कपल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हाल ही में एक एंटरटेनमेंट पोर्टल की रिपोर्ट के बाद ये अटकलें और तेज हो गईं। कहा जा रहा है कि दोनों अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, रवि और सरगुन ने इन खबरों पर चुप्पी साध रखी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी दोनों के पेरेंट्स बनने की अफवाहें उड़ चुकी हैं। एक बार रियलिटी शो में नजर आने और अस्पताल के बाहर स्पॉट किए जाने के बाद भी ऐसी चर्चाएं तेज हुई थीं, लेकिन वे महज अफवाह साबित हुईं। रवि और सरगुन की मुलाकात टीवी शो '12/24 करोल बाग' के सेट पर हुई थी। ऑन–स्क्रीन रोमांस जल्द ही असल जिंदगी के रिश्ते में बदल गया। 7 दिसंबर 2013 को दोनों ने शादी की थी। फिलहाल फैंस को कपल की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।



# मुंबई के पॉश इलाके में तेजस्वी का नया आशियाना



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने मुंबई के पॉश इलाके बांद्रा वेस्ट में अपना नया लग्जरी फ्लैट खरीदकर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बांद्रा रिक्लेमेशन स्थित इस प्रीमियम प्रोजेक्ट में खरीदे गए अपार्टमेंट की कीमत करीब 7.63 करोड़ रुपये बताई जा रही है। 16 फरवरी 2026 को इसकी रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। लगभग 1,304 स्क्वायर फीट में फैले इस घर के साथ दो आरक्षित पार्किंग स्पेस भी शामिल हैं।

रियलिटी शो 'बिग बॉस 15' की विजेता बनने के बाद तेजस्वी की लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ था। इसके बाद उन्होंने 'नागिन 6' में मुख्य भूमिका निभाकर घर–घर में पहचान बनाई। हालांकि फिलहाल यह बिल्डिंग निर्माणाधीन है और रिपोर्ट्स के अनुसार इसका पजेशन वर्ष 2030 तक मिलने की संभावना है। तेजस्वी का यह निवेश उनके सफल करियर और मजबूत आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। मुंबई के सबसे महंगे इलाकों में घर खरीदना उनकी बढ़ती स्टारडम का संकेत माना जा रहा है।

## मंडल ब्रदर्स की चमत्कारी सफलता

# सात साल की आवाज 70 लाख की कार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सोशल मीडिया ने कई छुपी प्रतिभाओं को नई पहचान दी है और अब इस सूची में किशोर और कृष मंडल, यानी 'मंडल ब्रदर्स', का नाम भी तेजी से जुड़ गया है। अपनी सादगी भरी आवाज और मासूम अंदाज से लोगों का दिल जीतने वाले इन दोनों भाइयों ने अपने पहले ही गाने से जबरदस्त सफलता हासिल कर ली है।

करीब एक महीने पहले रिलीज हुआ उनका गाना 'दिल लगाना मना था' दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया। इस गाने में अधूरी मोहब्बत और ब्रेकअप के जज्बातों को खूबसूरती से पेश किया गया है। यूट्यूब पर इस गाने को 66 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं, वहीं इंस्टाग्राम पर इस पर 1 मिलियन से अधिक रील्स बनाई जा चुकी हैं। गाने की लोकप्रियता ने दोनों भाइयों को रातोंरात चर्चा में ला दिया।

छोटे भाई कृष की उम्र महज 7 साल है, लेकिन उनकी सुरीली आवाज ने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। बड़े भाई किशोर के साथ उनकी तालमेल और नोक–झोंक भी फैंस को खूब पसंद आती है। सोशल मीडिया पर पहले से ही अपनी सिंगिंग वीडियोज के जरिए लोकप्रिय हो चुके मंडल ब्रदर्स को इस गाने ने प्रोफेशनल पहचान दिलाई।

सफलता का असर उनकी जिंदगी में भी साफ दिखाई दिया। हाल ही में दोनों भाइयों ने करीब 70 लाख रुपये की लग्जरी रवश खरीदी। नई कार के साथ उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इतनी कम उम्र में मिली यह उपलब्धि न सिर्फ उनके लिए, बल्कि उनके प्रशंसकों के लिए भी गर्व की बात है।

एक साधारण शुरुआत से लेकर बड़ी पहचान तक का यह सफर दिखाता है कि प्रतिभा और मेहनत के दम पर सपने सच हो सकते हैं। मंडल ब्रदर्स की कहानी आज के डिजिटल दौर में उभरते टैलेंट की मिसाल बन गई है।

# टी20 विश्व कप बहिष्कार पर बांग्लादेशी कोच का फूटा गुस्सा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** विश्व कप 2026 से बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बाहर रहने के फैसले ने खेल जगत में नई बहस छेड़ दी है। बांग्लादेश सरकार द्वारा सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम को टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं देने के निर्णय पर अब अंदरूनी असहमति खुलकर सामने आ रही है। टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

सलाहुद्दीन ने आरोप लगाया कि इस निर्णय ने युवा खिलाड़ियों के करियर और मानसिक स्थिति पर गंभीर असर डाला है। उनका कहना है कि विश्व कप जैसे बड़े मंच पर खेलने का सपना खिलाड़ी बचपन से देखते हैं। "कोई खिलाड़ी 25–27 साल तक मेहनत करता है, और एक पल में उसका सपना टूट जाता है," उन्होंने कहा। कोच के अनुसार, टीम के दो खिलाड़ी इस झटके से इतनी गहराई से प्रभावित हुए कि वे "मेंटल कोमा जैसी स्थिति" में पहुंच गए। सरकार ने पहले यह तर्क दिया था कि सुरक्षा को लेकर आशंकाएं हैं, इसलिए भागीदारी से इनकार किया गया। हालांकि, विवाद तब गहरा गया जब पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के बयान सामने आए। उन्होंने पहले कहा कि यह निर्णय सरकार का था, लेकिन बाद में दावा किया कि फैसला क्रिकेट बोर्ड और खिलाड़ियों की सहमति से लिया गया ताकि "राष्ट्रीय गरिमा" बनी रहे। इस बयान पर सलाहुद्दीन ने तीखा हमला बोला। उनका कहना है कि खिलाड़ियों या कोचिंग स्टाफ से इस विषय पर कोई औपचारिक सहमति नहीं ली गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्णय सरकार ने थोपा और अब उसकी जिम्मेदारी खिलाड़ियों पर डाली जा रही है।





"क्रिकेटरों को मजबूर किया गया, वे खेलना चाहते थे," उन्होंने स्पष्ट कहा। इस पूरे घटनाक्रम ने बांग्लादेश क्रिकेट प्रशासन और सरकार के बीच समन्वय पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खिलाड़ियों के भविष्य, उनकी मानसिक सेहत और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि– इन सभी पहलुओं पर अब चर्चा तेज हो गई है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे बड़े निर्णयों में खिलाड़ियों और बोर्ड की पारदर्शी भागीदारी जरूरी है, अन्यथा इसका असर केवल खेल प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि टीम के मनोबल पर भी पड़ता है।

# कोलंबो में बारिश का खतरा, किसे होगा नुकसान?

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर–8 चरण में 21 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड आमने–सामने होंगे। मुकाबला कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना है, लेकिन मौसम ने दोनों टीमों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार मैच के दौरान बारिश की आशंका बनी हुई है, जिससे खेल प्रभावित हो सकता है।अगर बारिश के कारण मैच रद्द होता है तो दोनों टीमों को एक–एक अंक मिलेगा। ऐसे में सेमीफाइनल की दौड़ और रोमांचक हो जाएगी। सुपर–8 ग्रुप में मौजूद इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ अगले मुकाबले निर्णायक साबित होंगे। यदि पाकिस्तान या न्यूजीलैंड में से कोई टीम अगला मैच हारती है तो टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए दोनों टीमें चाहेंगी कि मुकाबला बिना रुकावट पूरा हो, ताकि जीत के साथ सेमीफाइनल की राह मजबूत की जा सके।



### किसानों और उनके परिवारों को बढ़ी राहत

# 2.51 लाख लाभार्थियों को 460 करोड़ रुपये ट्रांसफर




**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य के किसानों और उनके परिवारों को बड़ी राहत दी। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 2.51 लाख किसानों और 3500 परिवारों के खातों में कुल 460 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे ट्रांसफर की गई। सरकार के अनुसार, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि दी गई। यह सहायता प्राकृतिक आपदा या फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह योजना दुर्घटना में मृत्यु या गंभीर रूप से घायल होने वाले किसानों के परिवारों को वित्तीय सहयोग देती है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आपदा प्रबंधन को लेकर भी राज्य सरकार की पहल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'आपदा मित्र' कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर आपात स्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के 25 जिलों में एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स से जुड़े 29,772 युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों की आय सुरक्षा, सामाजिक संरक्षण और आपदा प्रबंधन को मजबूत करना है, ताकि जरूरत के समय तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके।

## डॉक्टरों के वॉक-इन इंटरव्यू पर उठे सवाल अभ्यर्थियों ने पारदर्शिता पर जताई शंका



**यूनिक समय, लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 7 जनवरी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में आयोजित डॉक्टरों के वॉक-इन इंटरव्यू को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए संविदा पर 55 एमबीबीएस डॉक्टरों की भर्ती हेतु आयोजित इस प्रक्रिया में लगभग 350 अभ्यर्थी शामिल हुए। अब कई उम्मीदवारों ने चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं।

अभ्यर्थियों का कहना है कि सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चले इंटरव्यू में कुल आठ घंटे यानी 480 मिनट का समय लगा। इस आधार पर प्रति अभ्यर्थी औसतन एक मिनट 40 सेकेंड से भी कम समय मिला। उनका आरोप है कि इतने कम समय में किसी उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव का समुचित मूल्यांकन संभव नहीं है। कुछ अभ्यर्थियों ने दावा किया कि उन्हें केवल एक-दो प्रश्न पूछकर तुरंत बाहर कर दिया गया। एक महिला डॉक्टर ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उनसे चार मिनट तक प्रश्न पूछे गए, लेकिन कई अन्य अभ्यर्थियों को डेढ़ मिनट के भीतर ही कक्ष से बाहर कर दिया गया।

अभ्यर्थियों ने यह भी आरोप लगाया कि ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र को लेकर कुछ अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाया गया। वहीं, सभागार में सीमित बैठने की व्यवस्था के कारण अभ्यर्थियों को बाहर इंतजार करना पड़ा। उनका कहना है कि कक्ष में बुलाए जाने और बैठने में ही 30-40 सेकेंड लग गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि यदि कोई औपचारिक शिकायत मिलती है तो उसकी जांच कराई जाएगी।

### आगरा में अपराधियों की बनेगी यूनिक आईडी

## एआई आधारित 'यक्ष' एप से एक क्लिक पर मिलेगा पूरा रिकॉर्ड




**यूनिक समय, आगरा।** अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए आगरा पुलिस कमिश्नरेट अब तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का सहारा लेने जा रहा है। कमिश्नरेट क्षेत्र के 50 हजार से अधिक आरोपियों और अपराधियों की यूनिक आईडी तैयार की जाएगी, जिसमें उनका फोटो, फिंगरप्रिंट, वॉइस सैंपल और आपराधिक विवरण दर्ज होगा। यह पूरा डाटा एआई आधारित 'यक्ष' एप पर अपलोड किया जाएगा, जिससे एक क्लिक पर अपराधी का पूरा इतिहास सामने आ सकेगा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार नगर, पूर्वी और पश्चिमी जोन मिलाकर कमिश्नरेट में करीब 50 हजार अपराधी विभिन्न श्रेणियों–डकैती, लूट, हत्या, चोरी, धोखाधड़ी, छेड़छाड़, साइबर अपराध, गुंडा और गैंगस्टर एक्ट–में पंजीकृत हैं। अक्सर सीसीटीवी फुटेज मिलने के बावजूद पहचान में समय लग जाता है, जिससे मामलों के खुलासे में देरी होती है। नई व्यवस्था से यह समस्या काफी हद तक कम होने की उम्मीद है। योजना के तहत बीट सिपाही और दरोगा घर–घर जाकर आरोपियों की फोटो और फिंगरप्रिंट एकत्र करेंगे।

साथ ही आवाज का नमूना भी लिया जाएगा। प्रत्येक अपराधी को आधार की तर्ज पर एक यूनिक नंबर दिया जाएगा, जिसमें उसके परिजनों और निवास संबंधी जानकारी भी दर्ज होगी। पुलिस के पास पहले से 'त्रिनेत्र' और 'पहचान' एप मौजूद हैं, लेकिन 'यक्ष' एप में एफआईआर और आरोप पत्र से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जोड़ी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि फोटो या वॉइस सैंपल के आधार पर एआई तुरंत पहचान सुनिश्चित करेगा। अन्य जिलों में गिरफ्तारी होने पर भी डाटा अपडेट होगा, जिससे अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी।

## बिना लाइसेंस छतों पर नहीं लगेंगे होर्डिंग



### लखनऊ में नई प्रचार नियमावली लागू

**यूनिक समय, लखनऊ।** राजधानी में अब घरों और इमारतों की छतों पर मनमाने तरीके से होर्डिंग लगाना आसान नहीं होगा। नई "उत्तर प्रदेश नगर निगम (आकाश चिह्न और विज्ञापनों का विनियमन) नियमावली–2026" लागू होने के बाद बिना नगर निगम से लाइसेंस लिए कोई भी व्यक्ति छत पर विज्ञापन होर्डिंग नहीं लगा सकेगा। नियमावली का प्रकाशन हो चुका है और इसे नए वित्तीय वर्ष से प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

शहर में बड़ी संख्या में भारी-भरकम और असुरक्षित होर्डिंग इमारतों की छतों पर लगे हैं। कई मामलों में न तो भवन की मजबूती की जांच हुई और न ही नगर निगम से अनुमति ली गई। नई व्यवस्था के तहत नगर निगम को आपत्तिजनक, भड़काऊ या जनसुरक्षा के लिए खतरा बने होर्डिंगों को नोटिस देकर हटाने का अधिकार होगा। साथ ही अन्य विभागों की अनापत्ति की अनिवार्यता भी समाप्त कर दी गई है, जिससे कार्रवाई तेज हो सकेगी।

नियमावली का एक अहम प्रावधान बकाया वसूली से जुड़ा है। विज्ञापन शुल्क जमा न करने वाली एजेंसियों के खिलाफ अब भू-राजस्व की तरह वसूली की जाएगी और उनकी आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) काटी जा सकेगी। हाल ही में नगर निगम ने करीब 150 एजेंसियों को नोटिस जारी किए थे। इसके अलावा अब विज्ञापन ठेके दो वर्ष के बजाय नौ वर्ष के लिए दिए जाएंगे, जिन्हें तीन वर्ष तक बढ़ाया भी जा सकेगा। किस मार्ग पर कितना शुल्क लगेगा और कौन सा क्षेत्र किस श्रेणी में आएगा, यह निर्धारण नगर निगम करेगा। अधिकारियों के अनुसार नई नियमावली से अवैध होर्डिंगों पर प्रभावी अंकुश लगेगा और राजस्व वसूली में पारदर्शिता आएगी।

## यूजीसी नियम के खिलाफ सवर्ण समाज का प्रदर्शन



**यूनिक समय, लखनऊ।** शनिवार को यूजीसी के नए नियम के विरोध में बड़ा प्रदर्शन हुआ। सवर्ण समाज के लोगों ने सड़क पर उतरकर 'काला कानून वापस लो' के नारे लगाए और नियम को भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन परिवर्तन चौक से शुरू हुआ, जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल और आरएएफ की तैनाती की गई थी।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नए नियमों में जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा सीमित कर दी गई है, जिससे सामान्य वर्ग के लोगों को संस्थागत संरक्षण से बाहर रखा गया है। इसी मुद्दे को लेकर देश के अन्य हिस्सों में भी विरोध हो चुका है।

मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। शीर्ष अदालत ने नए नियम पर अंतरिम रोक लगाते हुए केंद्र सरकार और यूजीसी से 19 मार्च तक जवाब मांगा है। कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि प्रथम दृष्टया नियम अस्पष्ट प्रतीत होते हैं और इनके व्यापक सामाजिक प्रभाव हो सकते हैं।

साथ ही अदालत ने नियम 3(1)(सी) के तहत जाति-आधारित भेदभाव की गैर–समावेशी परिभाषा को स्थगित कर दिया और यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2012 को अगले आदेश तक बहाल रखने का निर्देश दिया। पुलिस प्रशासन ने शहर में शांति बनाए रखने की अपील की है।

## बाराबंकी में जयमाला पर बवाल: सेल्फी विवाद में दूल्हे ने दुल्हन को पीटा, चलीं कुर्सियां




**यूनिक समय, बाराबंकी।** जिले में एक शादी समारोह में सेल्फी को लेकर बड़ा हंगामा हो गया। मामला रामनगर कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुर कस्बे का है, जहां जयमाला के दौरान दूल्हे ने कथित तौर पर दुल्हन को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद बराती और घराती पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई।

जानकारी के अनुसार, गणेशपुर निवासी शत्रुघ्न ने अपनी बेटी निशा की शादी बहराइच के मुराइनपुरवा निवासी विशाल से तय की थी। तय कार्यक्रम के अनुसार बारात धूमधाम से पहुंची और द्वार पूजा की रस्म पूरी हुई। जयमाला के समय मंच पर भीड़ बढ़ गई और लोग दूल्हे के साथ सेल्फी लेने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दूल्हे ने कई बार भीड़ हटाने को कहा, लेकिन लोग नहीं माने। इसी बात से नाराज होकर वह आपा खो बैठा और दुल्हन पर हाथ उठा दिया।

घटना के बाद दोनों पक्षों में तीखी झड़प शुरू हो गई। एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गईं, जिससे कई कुर्सियां टूट गईं और अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात काबू में किए और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। दुल्हन पक्ष ने दूल्हे पर नशे में होने का आरोप लगाया। बाद में आपसी समझौते और नुकसान की भरपाई के आश्वासन के बाद देर रात शादी की शेष रस्में पूरी कराई गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## होली से पहले तैयार होगा अलीगढ़ का आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सीएम करेंगे उद्घाटन



**यूनिक समय, अलीगढ़।** स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होली से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने की तैयारी है। महापौर जल्द ही लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री को औपचारिक निमंत्रण देंगे।

नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में 15 जून 2022 से

### यह कॉम्प्लेक्स लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया गया है

निर्माणाधीन यह कॉम्प्लेक्स लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया गया है। यहां अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 14 खेलों के लिए अत्याधुनिक इनडोर स्टेडियम बनाया गया है। परिसर में ओलंपिक स्तर का मिनी स्विमिंग पूल, अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज, बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट, योगा और जिम की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा चेंजिंग रूम, लॉकर रूम, अतिथि कक्ष, मीडिया रूम, वीआईपी रूम, खेल कार्यालय और दर्शक दीर्घा जैसी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के साथ स्थल का निरीक्षण कर दो मार्च तक सभी शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉम्प्लेक्स समय पर तैयार होगा और उद्घाटन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

महापौर प्रशांत सिंघल ने बताया कि यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जिले की पहचान बनेगा और स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इससे अलीगढ़ में खेल गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

## सार संक्षेप

### लाल किला और मंदिरों पर आतंकी खतरा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में आतंकी हमले की आशंका को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा आईईडी हमले की साजिश रच रहा है। लाल किला और चांदनी चौक स्थित मंदिर संभावित निशाने पर बताए जा रहे हैं। पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है और जांच एजेंसियां सतर्क हैं।

### हिंद महासागर में साझा रणनीति पर जोर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंडियन नेवी प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने गोवा मैरीटाइम कॉन्क्लेव 2026 का उद्घाटन किया, जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र के 14 देशों ने भाग लिया। सम्मेलन में ड्रग तस्करी और अवैध मछली पकड़ने जैसे समुद्री खतरों से निपटने के लिए साझा रणनीति पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने रियल-टाइम खुफिया साझाकरण और संयुक्त टास्क फोर्स की जरूरत बताई, ताकि क्षेत्रीय सुरक्षा और सहयोग मजबूत हो सके।

### ईरान के शीर्ष नेतृत्व पर हमले की चर्चा से वैश्विक हलचल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और उनके बेटे मोजतबा खामेनेई के खिलाफ संभावित सैन्य विकल्पों की जानकारी दी गई है। हालांकि व्हाइट हाउस ने किसी अंतिम निर्णय से इनकार किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि रणनीतिक अस्पष्टता बनाए रखी जा रही है। यदि ऐसा कदम उठाता है, तो इससे अमेरिका-ईरान तनाव और मध्य पूर्व की स्थिरता पर गहरा असर पड़ सकता है।

### रांची में सुपारी देकर पति की हत्या, पत्नी गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** झारखंड की राजधानी रांची में अवैध संबंध के चलते पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति विजय लोहरा की सुपारी देकर हत्या करवा दी। 10 फरवरी को अपहरण के बाद उसकी हत्या कर शव रिंग रोड किनारे फेंक दिया गया। पुलिस जांच में साजिश का खुलासा हुआ और आरोपी पत्नी नीतू देवी को गिरफ्तार कर लिया गया। फरार प्रेमी और शूटरों की तलाश जारी है।

### श्रीनगर में सीआरपीएफ वाहन नहर में गिरा, नौ जवान घायल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में सीआरपीएफ)का बुलेटप्रूफ वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। हादसा अहमद नगर रोड पर हुआ, जहां वाहन में सवार नौ जवान घायल हो गए। स्थानीय लोगों और सुरक्षाबलों की मदद से सभी को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### राउत-भूसे विवाद खत्म मानहानि केस वापस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में संजय राउत और भूसे के बीच चल रहा विवाद सुलझ गया है। 178 करोड़ रुपये के चीनी मिल घोटाले के आरोपों पर राउत ने माफी मांगी और मालेगांव के किसानों से क्षमा याचना की। इसके बाद भूसे ने उनके खिलाफ दायर मानहानि का मुकदमा वापस ले लिया। दोनों नेता कोर्ट में साथ नजर आए।

### भारत दौरे पर ब्राजील के राष्ट्रपति

# हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक



### व्यापार, खनिज और एआई सहयोग पर गहन चर्चा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा अपने राजकीय दौरे पर भारत पहुंचे हैं। शनिवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह मुलाकात भारत और ब्राजील के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। इससे पहले राष्ट्रपति लूला का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी मौजूद रहे। लूला दा सिल्वा ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

बैठक में व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। वर्ष 2025 में दोनों देशों के बीच व्यापार 15.21 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, जिसमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ्स पर समझौते की भी संभावना जताई जा रही है। ब्राजील दुनिया के बड़े रेयर अर्थ भंडार वाले देशों में शामिल है, जिससे वैश्विक सप्लाई चेन में विविधता लाने में मदद मिल सकती है। राष्ट्रपति लूला 18 से 22 फरवरी तक भारत के दौरे पर हैं और प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर यहां आए हैं। यह दौरा दोनों देशों के आर्थिक और रणनीतिक रिश्तों को नई गति देने वाला माना जा रहा है।

## टैरिफ रद्द होते ही गरमाई सियासत, खड़गे का मोदी सरकार पर तीखा हमला



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी अदालत द्वारा ट्रंप-युग के टैरिफ रद्द किए जाने के बाद केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे "एकतरफा आत्मसमर्पण" करार देते हुए पूछा कि आखिर मोदी सरकार ने अंतरिम व्यापार समझौते में इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई।

खड़गे ने कहा कि जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए वैश्विक टैरिफ को खारिज कर दिया, तो भारत को फैसले का इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बिना पूरी स्पष्टता के ऐसे समझौते में प्रवेश किया, जिससे भारत के हित प्रभावित हो सकते हैं।

खड़गे ने संयुक्त बयान की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें कई अमेरिकी उत्पादों पर शून्य टैरिफ की बात कही गई है, जिससे भारतीय कृषि क्षेत्र पर दबाव बढ़ सकता है। साथ ही, 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान आयात करने की योजना और रूसी तेल की खरीद पर रोक जैसे प्रावधान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए चिंताजनक बताए गए हैं। डिजिटल क्षेत्र में कर रियायतों पर भी उन्होंने सवाल उठाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि देश के किसानों, श्रमिकों और छोटे व्यवसायों के हितों की रक्षा करने वाला निष्पक्ष व्यापार समझौता किया जाना चाहिए।

## पठानकोट में नशे की ओवरडोज से युवक की मौत, तस्कर गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पंजाब के पठानकोट जिले में नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। मामला नरोट जैमल सिंह थाना क्षेत्र का है, जहां दो युवक नशे की हालत में सड़क किनारे गिरे दिखे।

एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लो के अनुसार, प्राथमिक जांच में सामने आया कि दोनों युवक जम्मू-कश्मीर से नशा लेकर लौटे थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर हेरोइन बरामद की है। इससे पहले अमृतसर में भी बड़ी कार्रवाई के दौरान 25 किलो हेरोइन, हथियार और कारतूस जब्त किए गए थे। पंजाब पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

## तेलंगाना में धार्मिक गाने को लेकर बवाल, दो गुटों में झड़प के बाद लाठीचार्ज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तेलंगाना के बांसवाड़ा शहर में धार्मिक गीत बजाने को लेकर विवाद के बाद दो समुदायों के बीच तनाव फैल गया। एक स्थानीय स्टोर में काम कर रही महिला भक्ति गाना सुन रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने गाने पर आपत्ति जताई और वीडियो बनाना शुरू कर दिया, जिससे बहस बढ़ गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग मौके पर जमा हो गए और धक्का-मुक्की के साथ पत्थरबाजी शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया गया। महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### टैरिफ फैसले के बाद ट्रंप का बयान

# भारत के साथ ट्रेड डील जारी, "कोई बदलाव नहीं"



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि भारत के साथ व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं होगा। यह बयान अमेरिकी शीर्ष अदालत के उस फैसले के बाद आया, जिसमें ट्रंप द्वारा लगाए गए बढ़े हुए टैरिफ को अवैध ठहराया गया। फैसले के कुछ घंटों बाद व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ संबंध "बहुत अच्छे" हैं और ट्रेड डील जारी रहेगी।

ट्रंप ने कहा कि भारत पहले रूस से तेल खरीद रहा था, लेकिन अब ऐसा नहीं कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के प्रयासों में टैरिफ नीति ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने रिश्तों को भी "बहुत अच्छा" बताया। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के तहत अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की बात सामने आई थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप ने ओवल ऑफिस से एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर सभी देशों से आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी साझा की। ट्रंप ने यह भी कहा कि नई व्यवस्था के तहत भारत टैरिफ देगा, जबकि अमेरिका नहीं देगा।

उनके अनुसार, अब दोनों देशों के बीच "सही और संतुलित" डील लागू हो चुकी है। इस बयान से साफ है कि अदालत के फैसले के बावजूद भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों की दिशा में कोई तत्काल बदलाव नहीं होने वाला है।

# कांग्रेस के खिलाफ बीजेपी का प्रदर्शन, वीरेंद्र सचदेवा हिरासत में



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बीजेपी कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता सड़कों पर उतरकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। मामला अंतरराष्ट्रीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से जुड़ा है, जो भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के दौरान अपमानजनक प्रदर्शन किया। सचदेवा ने कहा कि यह समिट किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि राष्ट्र का कार्यक्रम है, जिसमें दुनिया भर से प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने भी कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रदर्शन देश के गौरव को ठेस पहुंचाने वाला है और जनता इसका जवाब देगी। तिवारी ने इसे देश विरोधी कृत्य करार दिया। बताया जा रहा है कि एनएसयूआई के 15-20 कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी हॉल में घुसकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लगाए। इस घटना के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया और बीजेपी ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

# सिमिलिपाल अभयारण्य में एआई की मदद से 39 शिकारी गिरफ्तार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा वन विभाग ने वन्यजीव अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सिमिलिपाल वन्यजीव अभयारण्य से 39 शिकारियों को गिरफ्तार किया है। यह अभियान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई से लैस निगरानी कैमरों की मदद से सफल हुआ।

अभयारण्य के दक्षिण डिवीजन में संदिग्ध गतिविधियां अक आधारित कैमरों में कैद हुईं। ये कैमरे 24 घंटे रियल टाइम मॉनिटरिंग करते हैं। जैसे ही सिस्टम ने असामान्य हलचल दर्ज की, वन अधिकारियों को सटीक लोकेशन और समय की सूचना तुरंत भेज दी गई। अलर्ट मिलते ही स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स और वन विभाग की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। जंगल की घेराबंदी कर छापेमारी की गई, जिसमें कुल 39 लोगों को पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से नौ देसी बंदूकें, 20 धनुष, तीर, कई धारदार हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। अधिकारियों के मुताबिक, इससे संकेत मिलता है कि बड़े पैमाने पर शिकार की तैयारी चल रही थी। वन विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को आधुनिक तकनीक और सतर्क निगरानी की बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिसने समय रहते वन्यजीवों को नुकसान से बचा लिया।

# गुजरात में दो भीषण सड़क हादसे, 11 लोगों की मौत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गुजरात के गुजरात में अलग-अलग जिलों में हुए दो दर्दनाक सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसे मेहसाणा और वलसाड जिलों में हुए, जहां तेज रफ्तार वाहनों ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं।

पहला हादसा मेहसाणा जिले के ऊंझा हाईवे पर हुआ। यहां एक तेज रफ्तार ईको कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों-दो पुरुष, एक महिला और एक बच्चे-की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है। परिवार विवाह समारोह से लौट रहा था। दूसरा हादसा वलसाड जिले के कपराड़ा तालुका के कुंभघाट क्षेत्र में हुआ।

पहाड़ी रास्ते पर जा रही कार को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे कार आगे खड़े दूसरे ट्रक से जा भिड़ी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

# शहर में मचा जाम का हाहाकार


शहर के रूपम टाकीज के पास जाम के दौरान फंसे वाहन।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर में जाम की समस्या से हर कोई परेशान है। इसकी वजह भी है। कोई अपने परिजन रोगी को लेकर हॉस्पिटल की ओर जा रहा है। कोई किसी इंटरव्यू के लिए जा रहा है तो किसी मुकदमे की तारीख में पेश होने के लिए जा रहा है तो कोई किसी आवश्यक काम से जा रहा है। इस तरह से एक नहीं बल्कि सैकड़ों लोग इधर से उधर से जाते हैं, लेकिन बीच रास्ते में जाम के झाम में फंसकर जिम्मेदार अधिकारियों को कोसते हैं। आखिर जाम की समस्या का समाधान कब निकालेंगे। जाम के झाम में कोई मंत्री या अधिकारी फंस जाता है तो उनके लिए सैकेंडों में जाम खुल जाता है, आम आदमी भले ही जाम में फंसकर कितना भी परेशान हो जाए, उसके लिए कोई तैयार नहीं है। शहर में शायद कोई सा दिन ऐसा बीतता होगा, जब लोगों को जाम में फंसना न पड़े।

### रोजाना फंसते हैं लोग जाम के झाम में

# महिलाओं ने शराब ठेका हटवाने को किया प्रदर्शन


शराब ठेका हटाने के लिए धरना देती भाकियू टिकैत की जिलाध्यक्ष मीरा चौधरी।

### ठेके में लगाया ताला, भाकियू टिकैत ने किया समर्थन

**यूनिक समय, मांट (मथुरा)।** तहसील मांट के गांव प्रेमनगर में शनिवार दोपहर महिलाओं ने देशी शराब के ठेके पर ताला लगाकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। बड़ी संख्या में ठेका बंद कराने के लिए प्रदर्शन किया। महिलाओं ने ऐलान किया कि जब तक ठेका बंद नहीं होगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पतियों द्वारा शराब पीकर मारपीट करने और कमाई को शराब में उड़ाने से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं परेशान है। शनिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने प्रेमनगर के शराब के ठेके पर पहुंचकर अच्छा खासा हंगामा किया। शराब के ठेके पर ताला लगाकर वहीं फर्श बिछाकर धरना शुरू कर दिया। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब का ठेका होने के कारण बच्चों में भी शराब पीने की आदतें पड़ रही है। शराब पीकर पति घरों में मारपीट करते हैं। इस लिए शराब का ठेका गांव में नहीं खुलने दिया जाएगा। महिलाओं के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जिला अध्यक्ष मीरा चौधरी और अशोक चौधरी ने भी अपनी टीम के साथ पहुंचकर महिलाओं का समर्थन किया। गौरतलब है कि महिलाए पहले मांट राजा के शराब ठेके को हटवाने के लेकर हंगामा कर चुकी है।

# महिला को वश में कर कुंडल छीनने वाले दो युवक पकड़े गए

### लूट का शिकार हुई महिला ने उन्हें पहचान लिया

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाइवे की सतोहा चौकी क्षेत्र की महिला को बेहोश कर उसके जेवरात लूटने वाले दो युवकों को महिला ने पहचान लिया और शोर करने पर स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़ लिया।

अमर कालोनी में रहने वाली एक महिला को होली गेट पर दो युवकों ने झांसा देकर पुराने बस अड्डे से आगे रेलवे स्टेशन पर बुला लिया और उसके कानों के कुंडल अंगूठी और नाक की लौंग उतरवाली और चलते बने। लूट की शिकार हुई महिला को जब चेतना लौटी तो वह परेशान हो गई। बताया गया महिला ने आज दोनों युवकों को अमर कालोनी के समीप से जाते हुए पहचान लिया और शोर मचाया। कालोनी वासियों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। दोनों युवकों ने कबूल किया कि उन्होंने महिला के कुंडल लिए हैं। महिला का कहना है कि वो चाहती है कि उसके कुंडल आदि मिल जाए।

# मुस्तफाबाद में विद्युत टीम के साथ हुई मारपीट

### चोरी की बिजली से चला रहे थे आरो प्लांट

### वीडियो बनाते लाइन मैन का तोड़ा मोबाइल

### जेई ने तीन सगे भाइयों के खिलाफ कराई रिपोर्ट

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** फरह थाने के गांव मुस्तफाबाद में बिजली चोरी रोकने के लिए पहुंची विद्युत टीम के साथ तीन भाइयों ने बिजली चोरी की वीडियो बनाते लाइन मैन का मोबाइल तोड़ दिया और जेई के साथ मारपीट की। इस मामले में थाना फरह में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

विद्युत उपकेंद्र रहीमपुर के अवर अभियंता गजेंद्र ने बताया कि वह शुक्रवार की शाम करीब सात बजे लाइनमैन बंटी, जगदीश, प्रवेश पचौरी और तजवीर व दिव्यांश आदि के साथ परखम और मुस्तफाबाद में बकाया बिजली के बिलों की वसूली और बिजली की चोरी रोकने के लिए चेकिंग करने गए थे। चेकिंग के दौरान गांव मुस्तफाबाद निवासी अनिल तिवारी के यहां संचालित आरओ चोरी की बिजली से चल रहा था। लाइनमैन बंटी बिजली चोरी का वीडियो बनाने लगा इसी दौरान अनिल तिवारी अपने भाई अमर और मनीष के साथ घर से बाहर निकल आए। इन लोगों ने वीडियो बना रहे लाइनमैन बंटी से मोबाइल छीनकर जमीन पर मारकर तोड़ दिया। गाली-गलौज शुरू कर दी। मारपीट होते देख कर्मियों में भगदड़ मच गई। मारपीट के दौरान तजवीर के गंभीर चोट आई है। बताया गया कि हमलावरों द्वारा पहले भी बिजली कर्मियों के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि अवर अभियंता गजेंद्र की तहरीर पर आरोपी अनिल अमर और मनीष के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई है। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# छाता बार एसोसिएशन की नई टीम ने शपथ ली

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** बार एसोसिएशन की नई कार्यकारणी के आयोजित समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष व सचिव समेत अन्य पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जिला जज विकास कुमार थे।

पूर्व अध्यक्ष व सीनियर अधिवक्ताओं ने जिला जज विकास कुमार समेत सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता व चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय की उपस्थिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार पॉलीवाल, उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी, सचिव सुनील कुमार पांडे ,संयुक्त सचिव ओम प्रकाश सिंह व कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई। नवीन कार्यकारिणी ने वरिष्ठ अधिवक्ता एसके वार्ष्णेय, होती लाल तिवारी, गोविंद राम शर्मा, राधा कृष्ण यदुवंशी, नरेश सिसोदिया, साहब सिंह, सुरेंद्र सिंह, मुरारी लाल पचौरी, राजेश शर्मा, अजय सिंह यदुवंशी, लेखराज सिंह को सम्मानित किया। इस मौके पर सीजेएम उत्सव गौरव राज, सीनियर डिवीजन सिविल जज अनुपम दीक्षित, जूनियर डिवीजन सिविल जज अविरल उमराव, जेएम सुमित कुमार मौजूद थे।

## हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** महावन पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वंछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया है।

पुलिस ने जगदीशपुर अंडरपास से सर्विस रोड से हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे अभियुक्त सोनवीर उर्फ सोनू निवासी कारब को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या के प्रयास में प्रयुक्त किया गया देशी तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

# चतुर्वेदी समाज का होली डोला तीन मार्च को निकलेगा


होली डोला के बारे में जानकारी देते अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक एवं माथुर चतुर्वेद परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक एवं महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट समेत आदि पदाधिकारी।

**प्रमुख संवाददाता**

यूनिक समय, मथुरा। चतुर्वेदी समाज का होली डोला तीन मार्च को निकाला जाएगा। यह जानकारी अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक एवं माथुर चतुर्वेद परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने चतुर्वेदी समाजवाडी में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस डोले में चतुर्वेदी समाज के लोग होली की ताने गाते हुए निकलेंगे।

डोले में भारतवर्ष व विदेश से आए हुए सभी तीर्थयात्री आते हैं। इसलिए श्री पाठक ने यह सभी लोगों से अपील की किसी भी तीर्थयात्री के साथ कोई अभद्रता ना हो और सभी लोग केवल टेसू के फूल के रंग व अबीर गुलाल ही उड़ाए। किसी भी प्रकार के गीले रंग या सादा पानी किसी के ऊपर न डालें। संचालन करते हुए माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मेले को भव्य बनाने के लिए क्रमबद्ध तरीके से सभी झांकियां को डीजे को लगाया जाएगा और युवा समिति और परिषद के पदाधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी दी जाएगी। मेले को चार भागों में विभक्त किया जाएगा। द्वारकाधीश मंदिर से होली गेट तक की जिम्मेदारी अलग दी जाएगी। होली गेट से कोतवाली रोड की जिम्मेदारी और भरतपुर गेट से चौक बाजार और चौक बाजार से विश्राम घाट तक चार भागों में मेले को बांटा जाएगा। इस अवसर पर संरक्षक नवीन नागर, गिरधारीलाल पाठक, उमाकांत चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, मनोज चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष कमल चतुर्वेदी, मनीष चतुर्वेदी उपाध्यक्ष दुबई शाखा नीरज चतुर्वेदी, संजय मंत्री, मनोज पाठक, रितेश पाठक सौरभ चतुर्वेदी, सोनू चतुर्वेदी, गोपाल बौहरे युवा समिति अध्यक्ष, सौरभ अभिषेक चतुर्वेदी, अभिषेक चतुर्वेदी एवं सौरभ चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

# वृन्दावन शोध संस्थान में ब्रजोत्सव स्मारिका का लोकार्पण

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृन्दावन शोध संस्थान में ब्रजोत्सव स्मारिका का लोकार्पण किया गया। स्वामी महेशानन्द सरस्वती ने कहा कि ब्रज संस्कृति की महिमा व्यापक है। श्रीकृष्ण की लीला भूमि ब्रजमण्डल की प्रतिष्ठा आज विश्व पटल पर है। उन्होंने कहा वृन्दावन शोध संस्थान ब्रज संस्कृति की सेवा में पूर्ण मनोयोग से तत्पर है।


वृन्दावन शोध संस्थान में ब्रजोत्सव स्मारिका का लोकार्पण करते पदाधिकारी।

संस्थान अध्यक्ष आरडी पॉलीवाल ने कहा कि वृन्दावन शोध संस्थान के 58वें स्थापना दिवस पर आयोजित सात दिवसीय ब्रजोत्सव में विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में प्रदर्शनी, प्रतियोगिता, कार्यशाला, व्याख्यान, परिचर्चा तथा आउटरीच कार्यक्रम आदि आयोजित किये गये थे, जिनका सचित्र अभिलेखन इस स्मारिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। सचिव प्रवीण गुप्ता ने कहा संस्थान का सदैव यह प्रयास रहा है कि ब्रज संस्कृति से जुड़ी जानकारियाँ विभिन्न माध्यमों से प्रचारित और प्रसारित होने के साथ ही नई पीढ़ी तथा संस्कृति अध्येताओं के मध्य साझा होती रहें। निदेशक डा. राजीव द्विवेदी ने कहा ब्रज संस्कृति का विस्तार आज अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर है, हमारा संस्थान के माध्यम से सदैव यह प्रयास रहा है कि ब्रज के महत्त्व को दर्शाने वाली जानकारियाँ सुधीजनों के सहयोग से प्रचारित-प्रसारित होती रहें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेन्द्र कुमार, पूर्व अवर सचिव एस के शर्मा, राधाकृष्ण पाठक, उदयन शर्मा, नवनीत चतुर्वेदी, राजेन्द्र पाठक, रजत शुक्ला, ममता गौतम, डा. राजेश शर्मा, सीताराम अग्रवाल एवं जुगल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# पीड़ित परिवार बोला साहब दबंगों से हैं बहुत परेशान

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** थाना शेरगढ़ पुलिस चौकी सेही अंतर्गत ग्राम सेही से पीड़ित परिवार पूनम पत्नी प्रमोद आदि लोगों ने दबंगों की दबंगई से परेशान होकर अधिकारियों के सामने गुहार लगाई है, परंतु वहां भी छह माह से उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

दादागिरी करने वाले दबंग लोगों का आतंक इस कदर है कि पीड़ित परिवार के ही घुसकर ही महिला एवं परिजनों से हाथापाई कर रहे है। रोते हुए पीड़ित परिवार के लोग बोले कि यदि हमारी सुनवाई नहीं होगी तो हम गांव में नहीं वापस जाएंगे।

# साइबर अपराधियों से वापस कराए 99 हजार

**यूनिक समय, मथुरा।** राया पुलिस और साइबर सेल पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मोबाइल को हैक कर एक व्यक्ति के ट्रांसफर किए गए 99 हजार रुपये त्वरित कार्रवाई करने के बाद उसके एकाउंट में वापस करा दिए।

एक व्यक्ति के मोबाइल पर लिंक भेज कर साइबर अपराधियों ने उसके मोबाइल को हैक कर दिया। इसके बाद उसके खाते से 99 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने इस मामले में थाना राया पुलिस और साइबर सेल से की गई। पीड़ित द्वारा अपने बैंक खाते की डिटेल और स्टेट मैंट आदि पुलिस को उपलब्ध कराई गई। थाना प्रभारी राया और साइबर थाना प्रभारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए साइबर अपराधियों के खाते में सीज कराई। इसके बाद कोर्ट के आदेश के बाद उस रशि को पीड़ित के खाते में ट्रांसफर कराई गई।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। मो. 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053